

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 27 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-297 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# महापौर पद के लिए बीजेपी से मीनल व कांग्रेस से दीप्ति

## भाजपा की पार्षदों की सूची में अधिकतर नए चेहरे, कांग्रेस की सूची का इंतजार

**रायपुर 27 जनवरी।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में रायपुर नगर निगम से भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती मीनल चौबे को प्रत्याशी बनाया है वहीं कांग्रेस ने श्रीमती दीप्ति दुबे को मैदान में उतारा है।

मीनल चौबे नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रही है तथा दो बार से अलग-अलग वार्डों में चुनाव जी चुकी हैं। उनके पति छगन चौबे भी पार्षद रह चुके हैं। श्रीमती दीप्ति दुबे पूर्व महापौर तथा सभापति रहे प्रमोद दुबे की पत्नी हैं। भाजपा ने राजधानी के 70 वार्डों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

भाजपा ने अधिकतर वार्डों में नए चेहरों को मैदान में उतारा है। पुराने चेहरों की बात करें तो कुछ ही पार्षदों को टिकिट मिली है। जातिगत समीकरण का भी ध्यान रखा गया है। कांग्रेस ने पार्षदों की सूची जारी नहीं की है।










### भाजपा के महापौर प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| रायपुर | मीनल चौबे |
| बिलासपुर | पूजा विधानी |
| दुर्ग | अलका बाघमार |
| राजनांदगांव | मधुसूदन यादव |
| धमतरी | जगदीश रामू रोहरा |
| जगदलपुर | संजय पांडेय |
| रायगढ़ | जीवर्धन चौहान |
| कोरबा | संजू देवी राजपूत |
| अंबिकापुर | मंजूषा भगत |
| चिरमिरी | राम नरेश राय |

### कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| जगदलपुर | मलकीत सिंह गैंदू |
| चिरमिरी | डॉ. विनय जायसवाल |
| अबिकापुर | अजय तिर्की |
| रायगढ़ | श्रीमती जानकी काटजू |
| कोरबा | श्रीमती उषा तिवारी |
| बिलासपुर | प्रमोद नायक |
| धमतरी | विजय गोलछा |
| रायपुर | श्रीमती दीप्ति प्रमोद दुबे |
| दुर्ग | श्रीमती प्रेमलता पोषण साहू |
| राजनांदगांव | निखिल द्विवेदी |





प्रेमलता साहू दुर्ग


निखिल द्विवेदी राजनांदगांव


प्रमोद नायक बिलासपुर


विनय जायसवाल चिरमिरी


अजय तिर्की अम्बिकापुर


मलकीत सिंह गैदू जगदलपुर


जानकी काटजू रायगढ़


उषा तिवारी कोरबा

## राजधानी के वार्डों में भाजपा के उम्मीदवार

| क्र. | वार्ड का नाम | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| 1 | वीर सावरकर नगर | विशाल पाण्डेय |
| 2 | प. जवाजर लाल नेहरू वार्ड | भगतराम हरवंश |
| 3 | संत कबीर दास वार्ड | डॉ. मनमोहन मनहरे |
| 4 | यतीयतनलाल वार्ड | नन्द कुमार साहू |
| 5 | बंजारी माता वार्ड | श्रीमती अम्बिका साहू |
| 6 | वीरांगना अवन्ती बाई वार्ड | खगपति सोनी |
| 7 | कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड | खेम कुमार सेन |
| 8 | महात्मा गाँधी वार्ड | श्रीमती आर्ची साहू |
| 9 | प. मोतीलाल नेहरू वार्ड | गोपेश कुमार साहू |
| 10 | रानी लक्ष्मीबाई वर्ड | देवदत्त द्विवेदी |
| 11 | डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड | मोहन साहू |
| 12 | कालीमाता वार्ड | श्रीमती साधना प्रमोद साहू |
| 13 | राजीव गाँधी वार्ड | महेंद्र खोडियार |
| 14 | रमण मंदिर वार्ड | सूर्यकांत राठौर |
| 15 | कन्हैयालाल बाजारी वार्ड | राजेश देवांगन |
| 16 | वीर शिवाजी वार्ड | गज्जू साहू |
| 17 | ठक्कर बापा वार्ड | श्रीमती प्रमिला साहू |
| 18 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड | सोहन साहू |
| 19 | डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड | प्रीतम ठाकुर |
| 20 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड | अमन ठाकुर |
| 21 | शहीद भगतसिंह वार्ड | श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर |
| 22 | प. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड | श्रीमती मीना ठाकुर |
| 23 | शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड | श्रीमती कृष्णा पंचुराम भारती |
| 24 | सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड | श्रीमती राधिका साहू |
| 25 | संत रामदास वार्ड | भोला राम साहू |
| 26 | दानवीर भामाशाह वार्ड | श्रीमती रामहीन कुर्रे |
| 27 | इंदिरा गाँधी वार्ड | अवतार सिंह बागल |
| 28 | शहीद हेमू कालाणी वार्ड | श्रीमती कृतिका जैन |
| 29 | गुरुगोविंद सिंह वार्ड | कैलाश बेहरा |
| 30 | शंकर नगर वार्ड | राजेश कुमार गुप्ता |
| 31 | नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड | श्रीमती पुष्पा रोहित साहू |
| 32 | महर्षि वाल्मीकि वार्ड | श्रीमती प्रभा मनोज विश्वकर्मा |
| 33 | शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड | प्रदीप कुमार वर्मा |
| 34 | प. रविशंकर शुक्ल वार्ड | ज्ञानचंद चौधरी |
| 35 | अब्दुल हमीद वार्ड | घनश्याम रक्सेल |
| 36 | तात्यापारा वार्ड | श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा |
| 37 | शहीद चुड़ामणि नायक वार्ड | दीपक जायसवाल |
| 38 | स्वामी आत्मानंद वार्ड | आनंद अग्रवाल |
| 39 | ठाकुर प्यारेलाल वार्ड | श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय |
| 40 | प. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड | आशु चंद्रवंशी |
| 41 | प. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड | श्रीमती सरिता दुबे |
| 42 | महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड | अम्बर अग्रवाल |
| 43 | ब्राम्हणपारा वार्ड | अजय साहू |
| 44 | स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड | मुरली शर्मा |
| 45 | मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड | श्रीमती प्रीति परताले |
| 46 | सिविल लाइन वार्ड | श्रीमती संजना संतोष हियाल |
| 47 | मदर टेरेसा वार्ड | संतोष साहू |
| 48 | गुरु घासीदास वार्ड | महेश ध्रुव |
| 49 | रानी दुर्गावती वार्ड | श्रीमती अनामिका सिंह |
| 50 | प. विद्याचरण शुक्ल वार्ड | श्रीमती गायत्री नवरंगे |
| 51 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | श्रीमती उत्तरा सिंह |
| 52 | डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड | विनय पंकज निर्मलकर |
| 53 | बाबू जगजीवन राम वार्ड | मनोज जांगड़े |
| 54 | कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड | श्रीमती सुषमा तिलक साहू |
| 55 | रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड | विनय प्रताप सिंह ध्रुव |
| 56 | लें. अरविंद दीक्षित बार्ड | सचिन मेघानी |
| 57 | भगवती चरण शुक्ल वार्ड | अमर गिदवानी |
| 58 | शहीद पंकज विक्रम वार्ड | श्रीमती स्वप्निल मिश्रा |
| 59 | मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड | श्रीमती अंजलि जितेन्द्र गोलछा |
| 60 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड | रमेश सपहा |
| 61 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | रवि सोनकर |
| 62 | शहीद राजीव पांडे वार्ड | बद्री प्रसाद गुप्ता |
| 63 | ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड | प्रमोद कुमार साहू |
| 64 | डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड | मनोज वर्मा |
| 65 | महामाया मंदिर वार्ड श्रीमती | मंजू राजेंद्र सिंह यादव |
| 66 | वामनराव लाखे वार्ड | श्याम सुंदर अग्रवाल |
| 67 | भक्तमाता कर्मा वार्ड श्रीमती | ममता तिवारी |
| 68 | डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड | श्रीमती दुर्गा यादराम साहू |
| 69 | माधवराव सप्रे वार्ड | महेंद्र औसर |
| 70 | संत रविदाम वार्ड | अर्जुन यादव |

## चाय बेचने वाले को भाजपा ने मेयर उम्मीदवार बनाया

**रायपुर 27 जनवरी।** रायगढ़ महापौर पद के लिए भाजपा ने जीवर्धन चौहान को अपना प्रत्याशी घोषित कर एक बड़ा सियासी दांव खेला है। जीवर्धन चौहान पहले एक साधारण चायवाले थे, लेकिन अब महापौर पद की रेस में शामिल है। भाजपा के इस प्रत्याशी की चर्चा हर ओर हो रही है।



इसको लेकर मंत्री ओपी चौधरी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि चाय बेचने वाले, 29 साल से पार्टी का कार्य कर रहे जमीनी कार्यकर्ता जीवर्धन चौहान को प्रदेश भाजपा ने रायगढ़ महापौर प्रत्याशी बनाया। बता दें कि यह कहानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चाय बेचने वाली कहानी की याद दिलाती है।

## टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस भवन में हंगामा

**रायपुर 27 जनवरी।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजीव भवन में पार्टी उम्मीदवारों के चयन के दौरान हंगामा हो गया। रविवार रात राजीव भवन के बाहर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा थी। कार्यकर्ता तैश में दिख रहे थे। टिकट वितरण को लेकर नाराज कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में हंगामा कर रहे थे। बता दें कि बैठक में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे। पार्टी के सीनियर नेता कार्यकर्ताओं को समझाने में लगे थे।

## कांग्रेस की महापौर के नाम वाली सूची प्रत्याशी के दस्तखत से जारी

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। रायपुर से दीप्ति प्रमोद दुबे, दुर्ग से प्रेमलता पोषण साहू, राजनांदगांव से निखिल द्विवेदी और बिलासपुर से प्रमोद नायक का नाम फाइनल किया गया है। जबकि जगदलपुर से मलकित सिंह गैदू चुनाव लड़ेंगे। हालाँकि इस लिस्ट में एक बड़ी त्रुटि सामने आई है। कांग्रेस की महापौर के नाम वाली सूची में जिसका नाम शामिल है उसी के दस्तख़त से सूची जारी हुई है। जगदलपुर से पार्टी ने मलकित सिंह गैदू को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। हैरानी की बात यह है कि, यह लिस्ट मलकित सिंह गैदू के दस्तखत से ही जारी हुई है। गौरतलब है कि, ऐसी ही गड़बड़ी (महिला आरक्षित सीट)बरमकेला नगर पंचायत में भी सामने आई जहां कांग्रेस ने पुरुष कार्यकर्ता को उम्मीदवार बना दिया।

## कांग्रेस ने महिला सीट पर पुरुष को बनाया प्रत्याशी

**रायपुर 27 जनवरी।** कांग्रेस ने महिला सीट पर पुरुष को टिकट दिया है, इस गलती को निकालने वाले मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, कांग्रेस ने बरमकेला नगर पंचायत की महिला सीट पर मनोहर नायक को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। लगता है कोई टाइपिंग एरर है। भूपेश जी, सचिन जी! यदि टाइपिंग एरर होगा तो थोड़ा ठीक कर लेवें बता दें कि छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है।

## शाह ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज 27 जनवरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साधु-संतों के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। केंद्रीय गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और बाबा रामदेव ने भी त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सीएम योगी और साधु-संतों ने अमित शाह पर जल डाला और सभी ने मां गंगा का आशीर्वाद लिया। बताया जा रहा है कि आज गृहमंत्री तकरीबन 5 घंटे तक महाकुंभ क्षेत्र में रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा



कि 'महाकुंभ' सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। कुंभ समरसता पर आधारित हमारे सनातन जीवन-दर्शन को दर्शाता है। आज धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने का अवसर प्राप्त हुआ। महाकुंभ में स्नान करने से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने संगम नगरी पहुंचे साधु-संतों से मुलाकात की। जिनमें शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज, गोविंद गिरी महाराज और शरणानंद जी महराज के साथ अखाड़ें कई साधु-संत शामिल है। साधु संतों से मुलाकात करने के बाद शाह ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

## पति-पत्नी की सड़क हादसे में मौत

**कोरबा, 27 जनवरी।** गणतंत्र दिवस को हुई सड़क दुर्घटना में पटेल दंपत्ति के प्राणपखेरू उड़ गए। 1 फरवरी को घर पर एक परिजन के वैवाहिक समारोह का निमंत्रण देने के लिए पति-पत्नी जा रहे थे, उसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। दुर्घटना में दो लड़कियां भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। पुलिस ने अपराध पंजीकृत करने के साथ आगे कार्रवाई करने की बात कही है। कोरबा जिले के दीपिका थाना अंतर्गत आने वाले नानबिर्रा के समीप दो बाइक आपस में टकरा गई। एक बाइक में पाली विकास खंड के ग्राम सिलली निवासी बीरबल पटेल अपनी पत्नी गौरी पटेल के साथ छोटे भाई की शादी का कार्ड देने ग्राम बांधाखार जा रहे थे। दूसरी बाइक में तीन नाबालिग लड़के जो नानबिर्रा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र हैं, लापरवाही पूर्वक पल्सर बाइक को चलाते हुए बीरबल पटेल की बाइक को ठोकर मार दिया।

## उत्तराखंड में यूसीसी लागू

**देहरादून, 27 जनवरी।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड को अब लागू कर दिया गया है. UCC यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है।

आपको बता दें कि उत्तराखंड यूसीसी में शादी, तलाक, उत्तराधिकार, लिव-इन के लिए कानून हैं. यह देश के बाकी राज्यों से अलग है.यूसीसी लागू होने के बाद अब उत्तराखंड में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कानून प्रभावी नहीं होगा. खास बात ये है कि राज्य सरकार ने इसे लागू करने से इसके प्रति लोगों को जागरूक भी किया था. ष्ट्ट का एक पोर्टल भी आज लॉन्च किया गया है।

आपको बता दें कि ष्ट्ट के नियम लागू करने से पहले इसे लेकर काफी लंबी कवायद चली थी. लोगों से विचार विमर्श किया गया था और पूरे उत्तराखंड में सभी लोगों से सलाह भी ली गई थी. इसके लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाई गई थी. बीते दिनों कैबिनेट ने यूसीसी की नियमावली पर अपनी सहमति जताई थी। पुष्कर सिंह धामी ने UCC का पोर्टल लॉन्च करते हुए कहा, 'आज का दिन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। ड्राफ्ट बनाने में टीम ने कड़ी मेहनत की है। हमने जनता से किया वादा पूरा किया है। यूसीसी किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, बल्कि इससे अब राज्य में सभी धर्मों की महिलाओं को एक समान अधिकार मिलेगा। यूसीसी से महिलाएं सशक्त होंगी। हलाला प्रथा, बहुविवाह, बाल विवाह पर रोक लगेगी।' सीएम धामी ने यूसीसी लागू करते हुए कहा कि इस कानून से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व तय होंगे। समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने की कोशिशि की गई है।

## सीजीएमएससी अफसरों समेत मेडिकल सप्लायरों के ठिकानों पर छापा

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां मेडिकल सर्विसेज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड गड़बड़ी मामले में ACB और EOW की टीम ने रायपुर और दुर्ग जिले में छापेमारी की है। इसके अलावा हरियाणा के पंचकुला में करीब 8 टीम ने दबिश दी है। तीनों जगहों पर घर और दफ्तरों में दस्तावेजों की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि, 3 गाड़ियों में एसीबी के 10 से अधिक अधिकारी सोमवार सुबह दुर्ग के मोक्षित कॉरपोरेशन पहुंचे। यह कंपनी गंजपारा निवासी शांतिलाल चोपड़ा और उनके बेटे शशांक चोपड़ा की दवा और मेडिकल इक्विपमेंट की एजेंसी हैं। यह एजेंसी सरकारी मेडिकल एजेंसी को दवा सप्लाई करती है। ACB और EOW के अधिकारियों ने दुर्ग के गंजपारा कॉलोनी स्थित घर को अपनी कस्टडी में ले लिया। किसी को भी अंदर या बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। घर और ऑफिस के बाहर पुलिस बल मौजूद है। बताया जा रहा है कि, इस एजेंसी के जरिए करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।













एक नजर

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान करने की शपथ लोगों ने ली



**कवर्धा, 27 जनवरी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक, परमेश्वर मंडावी,तहसीलदार, और समाज कल्याण विभाग से श्रीमति अभिलाषा पंडा एवं, संतोष चंद्राकर निर्वाचन पर्यवेक्षक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मतदाताओ को मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए चुनाव के दिन मतदान करने अवश्य जाए संदेश दिया साथ ही मतदान करने की शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम में नवीन मतदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांजनो का सम्मान किया गया। साथ की कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्त हेतु शपथ दिलाया गया।

## बीजेपी से चन्द्रप्रकाश और कांग्रेस से संतोष को मिली नपाध्यक्ष की टिकट



**कवर्धा, 27 जनवरी।** कई दिनों से इंतजार कार्यकर्ताओं ओर युवाओं को था किसे मिलेगी कांग्रेस और बीजेपी से नपाध्यक्ष की टिकट । बीती देर रात बीजेपी ओर कांग्रेस ने नपाध्यक्ष की टिकट की घोषणा की । बीजेपी से निष्ठावान कार्यकर्ता चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ओर कांग्रेस से निष्ठावान कार्यकर्ता संतोष यादव को नगर पालिका अध्यक्ष की टिकट मिली ।

## राजीव शर्मा को विशिष्ट सेवा पदक सम्मान

**भिलाई, 27 जनवरी।** छत्तीसगढ़ और राजधानी के लिए गौरव कि विषय है कि रायपुर के पले-बढ़े राजीव शर्मा को विशिष्ट सेवा मेडल के लिए चयनित किया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या 25 जनवरी, 2025 पर नई दिल्ली में भारत शासन द्वारा घोषित किए गये गैलेन्ट्री अवार्ड की सूची में बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इंजीनियर राजीव शर्मा को भी इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की है। रायपुर के सेंट पाल्स हायर सेकंडरी स्कूल, बैरन बाजार से स्कूली शिक्षा प्राप्त राजीव शर्मा ने एन आई टी, रायपुर से 1988 में बीई करने के बाद जबलपुर से एम ई करने के बाद इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस के माध्यम से सितम्बर 1992 में बी आर ओ (बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन) की कार्य सेवा प्रारंभ की। देश के विभिन्न सीमांत हिस्सों में विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अपनी सेवाएं देने के बाद वे वर्तमान में असम के डूमदूमा में देश की महत्वपूर्ण सामरिक परियोजना उदयक में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। राजीव शर्मा की पत्नि डाक्टर प्रणिता शर्मा वर्तमान में रामकृष्ण केयर हास्पिटल में वरिष्ठ चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं।

## जामुल नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**जामुल,27 जनवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया । गणतंत्र दिवस के 76वें वर्ष में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया जिसमें नक्सलवाद की समाप्ति एवं आदिवासी समृद्धि पर बल दिया गया एवं साथ ही प्रदेश में विकास एवं विकसित भारत पर प्रकाश डाला गया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी पालिका परिवार के सदस्यों के साथ सभी नगर वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी ने किया । कार्यक्रम में पार्षद खम्हन ठाकुर, दीपक गुप्ता, रामदुलार साहू, संजय देशलहरा, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, कविता विश्वाल सहित अधिकारी कर्मचारी के.एन. ताम्रकार, सचिन भागवत, हरीश साहू, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, आशा जंघेल, हर्षा मेहरा, अशोक पटेल, वेदान्त वर्मा, भानू चौहान, बशीर खान, रमाशंकर, हिम्मत मंडावी, श्याम रतन पटेल सहित स्वच्छता दीदीयों के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

# इस्पात नगरी भिलाई में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस











तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 जनवरी।** इस्पात नगरी भिलाई में हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद वीरनारायण सिंह, जयंती स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में, सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। निदेशक प्रभारी के साथ उपमहानिरीक्षक (केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने परेड की सलामी ली और इसका निरीक्षण किया। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अग्निशमन सेवा, महिला कमाण्डो, एनसीसी (आर्मी एवं एयर विंग), स्काउट-गाइड द्वारा मार्च पास्ट एवं अत्याधुनिक तकनीकों से लैस संयंत्र के अग्निशमन वाहनों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकों में अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरूण कुमार उपस्थित थे। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता, सेफी चेयरमैन व ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर तथा महासचिव परविंदर सिंह, सीआईएसएफ अभिजीत सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण, भिलाई महिला समाज की पदाधिकारीगण तथा सीआईएसएफ कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सभी कार्यपालकों की पत्नी भी गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित थीं। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों पर गर्व व्यक्त करते हुए देश के महान शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निर्माताओं, गणतंत्र व राजनीति के पूर्वजों, सशस्त्र बलों, अन्य सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, बीएसएफ, अर्धसैनिक बलों तथा सशस्त्र बलों सहित भिलाई बिरादरी के सदस्य एवं उनके परिवार के सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी। अनिर्बान ने अपने उद्बोधन में वित्त वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट उपलब्धियों को रेखांकित किया, जिनमें रिकॉर्ड उत्पादन और डिस्पैच, तथा रावघाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए 1 मिलियन टन उत्पादन की उपलब्धि और दल्लीराजहरा-रावघाट रेल लाइन परियोजना का पूर्णता की ओर होना आदि शामिल हैं।

संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय में भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा ध्वजारोहण एवं मरीजों को फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय में अनिर्बान दासगुप्ता ने 800 एम.ए डिजिटल एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया, जो त्वरित इमेज मॉनिटरिंग, उन्नत निदान, विशेषज्ञों के साथ आसान साझेदारी और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से त्वरित रिपोर्ट प्रदान करती है। इस अवसर पर, भिलाई महिला समाज के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न उपलब्धियों के लिए चिकित्सालय स्टाफ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती आषा तमर, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरी, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती रेणु रविन्द्रनाथ, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पंडा, महासचिव श्रीमती साधना गोयल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, कार्यपालक निदेषक डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण तथा चिकित्सालय स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त प्रातः 8 बजे संयंत्र भवन में कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, संयंत्र के इस्पात भवन में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, रिफ्रेक्ट्री स्टोर में कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, एक्सपांशन भवन में कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, एल एंड डी सेंटर में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, सी ई जेड कॉम्प्लेक्स में कार्यपालक निदेशक बी के गिरी तथा नगर सेवाएं विभाग में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरूण कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई में मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तिरंगा झंडा फहराया। इस मौके पर उन्होंने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। परेड द्वारा हर्ष फायर एवं राष्ट्रपति की जय जयकार की गई। मुख्य अतिथि डॉ. सिंह ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेन्द्र शुक्ला के साथ परेड का निरीक्षण किया और आम नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा के नेतृत्व में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरुष), नगर सेना और जिला पुलिस बल (महिला), एनसीसी जूनियर एवं सीनियर रेड क्रॉस और स्काउट गाइड के 11 प्लाटून द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए सलामी मंच के सामने से गुजरे। पतपश्चात् मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह द्वारा प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया। इस मौके पर उन्होंने शहीद के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

सेक्टर 7 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी पीस ऑडिटोरियम प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। वरिष्ठ राजयोगिनी प्राची दीदी ने भारत देश के राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए सभी को कहा कि तिरंगे ध्वज के नीचे हम सभी यह संकल्प करेंगे कि हमें भारत को पुनः स्वर्णिम बनाना है। सभी ब्रह्माकुमारी दीदियों ने मिलकर ध्वजारोहण किया। विशेष रूप से झारसुगुड़ा सेवा केंद्र से पधारी ब्रह्माकुमारी अश्विनी बहन ने कहा कि जिस तरह संविधान का पालन करने से देश व्यवस्थित रूप से चलता है ठीक उसी प्रकार अगर हम प्रतिदिन उच्चारित परमात्म महावाक्यों का अनुसरण और राजयोग का अभ्यास अपने दैनिक जीवन में नियम प्रमाण समझ करेंगे तो हम भी सुखी रहेंगे व औरों को भी सदा सुखी बना सकेंगे। ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने कहा कि निराकार शिव परमात्मा ने हमें तीन भाग्य की रेखाएं दी हैं, यह तीनों ही रेखाएं व तीनों ही रंगों के मर्म को अगर हम अपने जीवन में धारण करेंगे तो सारे विश्व को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकेंगे। ब्रह्माकुमारी स्नेहा दीदी हर्ष व्यक्त करते हुए गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं सभी को दी।

भिलाई स्थित सीमान्त मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल के जवानों एवं अधिकारियों ने हर्षोल्लास से 76 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया। सर्वप्रथम सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, तत्पश्चात वहां उपस्थित सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। महानिरीक्षक ने सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी की ओर से भिलाई, कांकेर एवं नारायणपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल के समस्त जवानों, अधिकारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



भाजपा भिलाई जिला कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। विधायक रिकेश सेन ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज यह दिवस हम सबके लिये काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि विपक्ष के द्वारा संविधान को लेकर जो दुष्प्रचार किया जा रहा था उस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि संविधान को किसी भी प्रकार से छेड़ा नहीं जाएगा इसलिए आने वाले समय हम सब संविधान के अनुरूप राष्ट्रीय हित में कार्य करते हुए नये भारत के निर्माण में सहयोगी बनेंगे। जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित एवं अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति की चिंता करते हुए कार्य करने वाली पार्टी है । पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। संचालन जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू तथा आभार कार्यक्रम संयोजक कन्हैया लाल सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से बिरेन्द्र साहू, शंकरलाल देवांगन, योगेन्द्र सिंह, खिलावन साहू, एस एन सिंह, श्रीमती तुलसी साहू, बिजेन्द्र सिंह तथा रामखिलावन वर्मा उपस्थित रहे। मनीष अग्रवाल, विजय जायसवाल, के गणपति, दिलीप पटेल, श्रीमती उपासना साहू, किर्ती नायक, अमिता बंजारे, राजेश श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, भगवान अग्रवाल, सुन्दर लाल साहू, द्वारिका चंद्रवंशी, शिवसागर मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, प्रेमचंद देवांगन, रश्मि सिंह, स्वीटी कौशिक, गीता विश्वकर्मा, सरला आचार्य, शाहिदा परवीन, शशि भगत, धर्मेन्द्र सिंह, रोहित साहू, राम निर्मलकर, घनश्याम साहू, महेन्द्र शर्मा, मनोज तिवारी, सत्यम व्यास, गजानंद बंछोर, विजय सिंह, त्रिलोचन सिंह, मुन्ना आर्य, विनोद गुप्ता, केशव पटेल, नरेश यादव, रश्मि साव, स्नेहा शुक्ला, मनमीत कौर, पूर्णिमा ठाकुर, लक्ष्मी बघेल, मनीष पिपरोल, विनोद विश्वकर्मा, प्रहलाद शर्मा, सुनील मौर्या, आकाश ठाकुर, विजय शुक्ला, स्वाति साहू, राजेश सिंह, बद्री प्रसाद, राजू साव, सूर्यकांत पाण्डेय, प्रशांत अकांत, सुब्रतो दास गुप्ता, मदन सेन, के रुद्रमूर्ति सहित भाजपा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



## छात्र-छात्राओं में भी गणतंत्र दिवस के दिन दिखा भारी उत्साह

**कवर्धा, 27 जनवरी।** कबीरधाम जिले में स्कूली छात्र छात्राओं में गणतंत्र दिवस के दिन भारी उत्साह दिखा ।

## द्रोणाचार्य विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**उतई,27 जनवरी।** द्रोणाचार्य विद्यालय उतई में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुखूय अतिथी दूर्ग ग्रामीण के बिधायक ललित चन्द्राकर थे।जिसमें छात्र-छात्राओं की अद्भुत प्रतिभा एवं मेहनत को देखकर दर्शको को गर्व महसूस हुआ। मुखूय अतिथि ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।साथ ही उन्हें शिक्षा के माध्यम से समाज में नए आयाम स्थापित करने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें भी बधाई दी, जो इन नन्हें सितारों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पॉलिक निगम रिसाली की एम् आई सी सदस्य डाक्टर सीमा साहु, यसवंत साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल , स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र साहू प्राचार्य प्रवीण सिंह चौहान , अजीत चौधरी , नरेंद्र साहू , विमला कामड़े , शीतल रात्रे चिंटू सिन्हा , बृजमोहन साहू , संगीता रजक चंदू देवांगन , रंजना चंद्राकर , पार्षद डाक्टर सीमा साहू विद्यार्थी गण एवं स्टाप उपस्थित थे ।

## पोड़ी पुलिस चौकी में शान से लहराया तिरंगा



**कवर्धा, 27 जनवरी।** पुलिस चौकी पोड़ी में पुलिस चौकी प्रभारी विमल लावनिया ने तिरंगा ध्वजारोहण किया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी । विमल लावनिया ने कहा की सभी लोगों के दिल में देश भक्ति और देश प्रेम की भावना होनी चाहिए ।

# सांसद विजय बघेल ने कवर्धा के मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया



**कवर्धा, 27 जनवरी।** कवर्धा जिला मुख्यालय के आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज) मैदान में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया। सांसद बघेल ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। उन्होंने तिरंगा ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, डीएफओ शशि कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

समारोह स्थल पर जिले के शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के स्कूली बच्चों ने देश भक्ति, लोक कलाओं, लोक गीतों और लोक परंपराओं पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीता। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित झांकिया निकाली गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिस्त पत्र दिया गया। परेड की विभिन्न टुकड़ियों ने देश भक्ति की धुन पर कतारबद्ध होकर सधे हुए कदमों में अनुशासनशीलता के आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सशस्त्र प्लाटून जिला पुलिस बल, नगर सेना के जवानों ने हर्ष फायर किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 10 परेड दलों ने परेड कंमाडर महेश्वर सिंह और सेकेण्ड कमाण्डर मनीष मिश्रा के नेतृत्व में प्लाटूनों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। मंच संचालन अवधेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती मीरा देवांगन द्वारा किया गया।

## गिरधर पैक्स प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग के संयोजक बने



**उतई, 27 जनवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार भारती पैक्स प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग के संयोजक गिरधर सोनी को बनाया गया है। यह नियुक्ति छ ग सहकार भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लेने के बाद किया गया । प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने नियुक्ति पत्र जारी किया है। गिरधर सोनी वर्तमान में उतई सहकारी समिति के प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं ।

## भिलाई चरोदा निगम कार्यालय में आयोजित किया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम



**भिलाई-3।** नगर निगम भिलाई 03 चरोदा कार्यालय में शनिवार दिनांक 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शपथ लेकर निर्भीक और निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया का संदेश सभी को प्रदान किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि निगम के कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के दौरान इसके उद्देश्य से जुड़ी शपथ ली। इस दौरान निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थवानी, उपअभियंता वैभव त्यागी, सहायक ग्रेड 03 मुकेश यादव, सहायक ग्रेड 02 यशवंत ठाकुर, सहायक राजस्व निरीक्षक लिंगेश्वर राव, सहायक ग्रेड 01 तारिणी वर्मा, श्रीमती किरण नायक, सहायक ग्रेड 02 श्रीमती अभिलाषा श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी विकास त्रिपाठी, चुम्मन साहू ऑपरेटर, ममता बंछोर कम्प्यूटर आपरेटर, श्रीमती शांति बाई भृत्य, श्रीमती नीरा बाई भृत्य, श्रीमती उल्फी बाई भृत्य, पुराणिक साहू भृत्य, भूपेन्द्र गजेन्द्र भृत्य, सहायक राजस्व निरीक्षक शत्रुघन सिन्हा, कृष्णा यादव भृत्य, सहायक ग्रेड 03 अविनाश चंद्राकर आयुक्त के स्टेनों चेतन देवांगन, टाईम कीपर श्यामता साहू सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में रेखराम बंछोर ने किया ध्वजारोहण



**जामुल,27 जनवरी।** स्वामी आत्मानंद स्कूल कैंपस जामुल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा गर्मजोशी से मार्च पास्ट किया गया जो अनुशासन, एकता और समन्वय को दर्शाता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, विशिष्ट अतिथि प्रशांत बंटी गुप्ता मंडल अध्यक्ष जामुल, संजय देशलहरे पार्षद वार्ड 6 प्रमुखता से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी आत्मानन्द शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद छत्रिय द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ भारती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया इस बीच स्वामी आत्मानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विधायक प्रतिनिधि सोनू यादव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष अंकित देवांगन, प्राथमिक शाला वार्ड 6 के विधायक प्रतिनिधि लेखराम पाल, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शाला विकास समिति के सदस्य बी आर रामटेके, ओमप्रकाश साहू, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू उपस्तिथ रहे।

# भारतीय संविधान हर वर्ग के लिए न्याय और अधिकार करता है सुनिश्चित:प्रेमप्रकाश



**भिलाई, 27 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर आयोजित संविधान गौरव दिवस का समापन खुर्सीपार बापू नगर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा समाज के 18 कर्म रत्नों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान की विविधता और विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहाँ विभिन्न प्रकार की संस्कृति, भाषा, और धर्म एक साथ रहते हैं, जो इसे एक मिनी वर्ल्ड बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ विभिन्न प्रकार की ऋतुएँ, भाषाएं और धर्म हैं, जो इसे अद्वितीय बनाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत में चार ऋतु है - वर्षा, ठंडी, गर्मी और बसंत, जो अन्य देशों में नहीं पाई जाती हैं। इसी तरह, भारत में सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। पाण्डेय ने कहा कि संविधान सभा के सदस्य, जो 1946 में चुने गए थे, ने एक ऐसा संविधान बनाया जो सभी भारतीयों के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। पाण्डेय ने कहा कि भारत की विविधता के बावजूद, यहां हर कोई एक साथ मिलकर रहता है। भिलाई को मिनी इंडिया कहा गया क्योंकि यहाँ देश के हर कोने से लोग आकर बसे हैं। यह शहर विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम है। उन्होंने संविधान गौरव दिवस की महत्ता पर जोर दिया और कहा कि यह दिवस हमें हमारे संविधान की गरिमा और उसकी रक्षा के लिए प्रेरित करता है। पाण्डेय ने कहा कि भारत के संविधान की मूल भावना समानता और न्याय की है, जो जाति, भाषा या लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त करता है। संविधान सभा द्वारा निर्मित यह दस्तावेज तीन प्रमुख व्यवस्था - विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका - के द्वारा देश में शासन की प्रक्रिया को संचालित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान का कार्यान्वयन आर्थिक स्वतंत्रता को भी बढ़ावा दे रहा है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से, करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता आई है। संविधान ने भारतीय नागरिकों को जो अधिकार और कर्तव्य दिए हैं, वे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, योगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष एसएन सिंह, पार्षद श्रीमती सरिता बघेल, श्रीमती वीणा चंद्राकर, बुद्धन ठाकुर, श्रीमती उषा मधुकर, मनीष अग्रवाल, अनिल सोनी, ममता रात्रे, प्रतिमा निर्मलकर, तुलसी कौशिक, मेघा कौर, सरिका करादे, लालचंद मौर्य, श्याम बघेल, मनोज निषाद, राजेंद्र पासवान, सुनील गौतम, गुलाब सिंह, गितेश यादव, निर्मल साह, गजेंद्र सिंह, ओपी मौर्या, तुषार चौधरी, दीपक पांचाल, कोटेश्वर राव, मीरा जायसवाल, कृष्णा चौधरी, श्रीनिवास श्रीनू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### उत्तराखंड के राष्ट्रीय खेलों में क्लाडियस करेंगे कामेंट्री

**रायपुर 27 जनवरी।** अंतर्राष्ट्रीय खेल कमेंटेटर जसवंत क्लाडियस को डी.डी. स्पोर्ट्स नई दिल्ली द्वारा



उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में आंखों देखा हाल सुनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ में टेलीविजन के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय कमेंटेटर जसवंत क्लाडियस के लिए यह लगातार पांचवां अवसर होगा जबकि उन्हें राष्ट्रीय खेलों में कामेंट्री करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके पहले उन्होंने 2011- झारखंड में सेपकतकरा, नेटबाल, 2015 केरला में कबड्डी, नेटबाल, 2022- गुजरात में तीरंदाजी, मलखंब, 2023 गोवा में हैंडबाल, रोलबाल के मुकाबलों का जीवंत आंखों देखा हाल सुनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। 2025 उत्तराखंड के राष्ट्रीय खेलों में क्लाडियस खो-खो में 29 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले मैच का आंखों देखा हाल सुनायेंगे। क्लाडियस टेलीविजन के लिए भारत के गिने चुने कमेंटेटर है जिन्हें 15 से अधिक खेलो का आखों देखा हाल सुनाने का श्रेय प्राप्त है।

### दो दिवसीय मोखला महोत्सव 1 एवं 2 फरवरी को

**राजनांदगांव 27 जनवरी।** ग्राम - मोखला (आरला) मे आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में 1 एवं 2 फरवरी 2025, शनिवार, रविवार आपको आमंत्रित करते हुये अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे ग्राम मोखला दो दिवसीय मोखला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।जिसमे जय गुरूदेव मानस परिवार, कुरेड़ादादर पं. श्री कामता प्रसाद शरण जी समय दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक, द्वितीय मंच स्वारांजलि जगराता परिवार, खुरसुल समय शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक। 2 फ़रवरी को शारदा मानस परिवार, भरदागोड़ सावित्री जंघेल समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मां चंडी मिंटू पुरन जस झाँकी मंडली, उरला समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक,मां की प्रेरणा जगराता एवं सुआ परिवार धर्मनगरी, आरंग, रायपुर समय शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक होगा।आयोजक समिति आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी ने क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### 28 जनवरी सुबह वार्ड नं.-5, 11,12 व 13 में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

**राजनांदगांव 27 जनवरी।** टांकाघर टंकी क्षमता 16 लाख लीटर का इनलेट पाईप लिकेज हो गया है, जिसके कारण टांकाघर टंकी (क्षमता 16.00 लाख मीटर) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से टांकाघर टंकी से दिनांक 27 जनवरी 2025 दिन सोमवार को शाम एवं 28 जनवरी 2025 मंगलवार को सुबह के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।पेयजल बाधित के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि वार्ड नं. 05 चिखली, वार्ड नं. 11 स्टेशनपारा, वार्ड 12 स्टेशनपारा शिक्षक नगर, सोलह खोली एवं वार्ड नं. 13 गौरीनगर, महावदेव नगर, अचानक नगर में दिनांक 27 जनवरी सोमवार की शाम एवं 28 जनवरी मंगलवार की सुबह पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। दिनांक 28 जनवरी की शाम से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

### अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी



**राजनांदगांव 27 जनवरी।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन पर श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर जिला राजनांदगांव में अपराधों की रोकथाम हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत दिनांक 24.01.2025 को जरिये मुखबीर सूचना थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू को प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बजरंग नगर रोड खाली मैदान के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है उक्त सूचना के आधार पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी दिनेश यादव पिता स्व0 संतोष यादव उम्र 20 साल निवासी इंदिरा नगर राजनांदगावं थाना बसंतपुर के कब्जे से 100 नग देशी प्लेन शराब कीमती 11000/रूपये जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

### आयुक्त ने कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलवाई

**रायपुर 27 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग एवं रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के भूतल पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान की सामूहिक शपथ दिलवाई. रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक और नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोन कार्यालयों में जोन कमिश्नरों ने जोन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की सामूहिक शपथ दिलवाई।

# जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 जनवरी।** जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में विकास एवं प्रगति के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड में आर्म्स प्लाटून अंतर्गत 38वीं बटालियन आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, प्लाटून पीटीएस राजनांदगांव पुरूष, प्लाटून पीटीएस राजनांदगांव महिला, प्लाटून जिला बल महिला,




प्लाटून नगर सेना महिला, नेवल प्लाटून दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव बालिका, एनसीसी प्लाटून दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव बालिका, एनसीसी दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव बालिका, एनसीसी कमला कालेज राजनांदगांव बालिका, एनसीसी स्टेट स्कूल राजनांदगांव बालक, एनसीसी म्युनिस्पिल स्कूल राजनांदगांव, एनसीसी स्टेट स्कूल बालिका, नेवल प्लाटून डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर बालक, एनसीसी सर्वेश्वर दास स्कूल राजनांदगांव बालिका, स्काउट ठाकुर प्यारे लाल स्कूल राजनांदगांव बालिका, स्काउट-गाइड महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल राजनांदगांव बालिका शामिल हुए। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर ने किया। उप निरीक्षक श्री राकेश पटेल ने परेड टूआईसी का दायित्व निभाया। परेड में जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया और सम्प्रभुता, अखंडता के प्रतीक राष्ट्रपति जी की जय का उद्घोष किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने प्लाटून के कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर शहीद पुलिस जवानों के परिवारों के परिजनों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन किया गया।

## यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह में सारथी दिवस पर बस चालकों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव 27 जनवरी।** आज दिनांक 24.01.2025 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 24वे दिन पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में र.नि. अरविंद साहू, निरी. अजय खेस एवं यातायात टीम की द्वारा सारथी दिवस (ड्राईवर दिवस) के अवसर पर नया बस स्टैण्ड एवं पुराना बस स्टैण्ड में 50 बस चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, ओव्हर स्पीड, ओव्हर लोड, रांग साईड, बिना सीट बेल्ट वाहन नही चलाने यातायात एवं राजनांदगांव पुलिस द्वारा अपील की गई। राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।




# नगर निगम संस्कृति पर्यटन विभाग की अभिनव पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 27 जनवरी।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम उपायुक्त संस्कृति विभाग डॉ. अंजलि शर्मा के मार्गदर्शन में नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा अभिनव पहल कर रायपुर की धरोहर पर चित्रकला स्पर्धा का कक्षा 9 वीं से 12 वीं की स्कूल छात्राओं के मध्य रोचक आयोजन सरस्वती कन्या शाला पुरानी बस्ती में रखा गया। इसमें स्कूल की छात्राओं ने उत्साह के साथ चित्रकला स्पर्धा में सम्मिलित होकर सुन्दर चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए जन-जन को रायपुर की धरोहर को लेकर सकारात्मक संदेश दिया। छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद की विशालकाय मूर्ति बूढ़ातालाब स्वामी विवकानंद सरोवर, नगरघडी गुरू घासीदास टाइम स्कवेयर , प्राचीन दुधाधारी मठ, दीपावली पर्व सहित



छत्तीसगढ़ राज्य की धरोहर को लेकर ड्राइंग सीट पर सुन्दर चित्र उकेरे इस दौरान स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सीमा वर्मा, शिक्षिकाओं, निगम संस्कृति विभाग की श्रीमती श्वेता शिंदे सहित स्कूल की छात्राओं की उपस्थिति रही।

नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने जानकारी दी है कि दिनांक 25 जनवरी 2025 शनिवार को सुबह पुरानी बस्ती सरस्वती कन्या शाला की छात्राएं एवं एनआईटी रायपुर के विद्यार्थीगण नगर निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा सहित राजधानी शहर रायपुर के लिली चैक पुरानी बस्ती से टुरी हटरी तक हैरिटेज वॉक पर जायेंगे । इस दौरान सरस्वती कन्या शाला की छात्राएं एवं एनआईटी रायपुर के विद्यार्थीगण राजधानी रायपुर शहर की प्राचीन धरोहर से अवगत होकर रूबरू होंगे। यह आयोजन नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की पहल पर किया गया है।

## टिंकू देवांगन ने छोड़ा जोगी कांग्रेस का दामन

**डोंगरगांव 27 जनवरी।** अजीत जोगी जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री टिंकू देवांगन ने बहुत कश्मकश के बाद अंततः आज जोगी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया है ! जोगी युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे श्री देवांगन ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र जोगी कांग्रेस के सुप्रीमो श्रीमती रेणु जोगी को भेज दिया है।



टिंकू देवांगन लंबे अरसे से राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष रहे है, वे जनता जोगी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल के काफी करीबी माने जाते है। इस इस्तीफे से पार्टी को काफी फर्क पड़ेगा ! टिंकू देवांगन के रहते पार्टी जिला में काफी सक्रिय कार्यकताओं को पार्टी में जोड़ने का काम किया था। उनके जिला अध्यक्ष रहते युवाओं ने जोगी कांग्रेस में काफी रुचि दिखाई थी। युवा अध्यक्ष के रूप में श्री देवांगन ने पार्टी के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया था, बता दे श्री देवांगन बचपन से ही राजनीति में रुचि ले रहे थे, जैसे ही जोगी कांग्रेस की घोषणा हुई श्री देवांगन जी ने पूर्व सुप्रीमो एवं जोगी कांग्रेस के संस्थापक स्व अजीत जोगी के समक्ष जोगी कांग्रेस ज्वाइन किया था, पार्टी ज्वाइन करने के बाद टिंकू देवांगन काफी सक्रिय रहे है, !

## समाचार संक्षेप

### जैन संस्कार विधि से वर्षगांठ पूजन



**रायपुर 27 जनवरी।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का मानव सेवा हेतु महत्वपूर्ण उपक्रम आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर जिसका रायपुर में संचालन स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है, जो आज दिनांक 24/01/2025 को अपनी स्थापना के 9 वर्षों का सफलतम सफर पूर्ण कर 10 वर्ष में प्रवेश कर गया। इसी उपलक्ष्य में वर्षगांठ पूजन का आयोजन जन-जन की विधि बनने की ओर अग्रसर जैन संस्कार विधि से संस्कार श्री अनिल दुगड़ व श्री सूर्य प्रकाश बैद द्वारा संपूर्ण मंत्रोच्चार करते हुए महत्व को उपस्थित सकल जैन समाज के सदस्यों का परिभाषित करते हुए कराया गया। पूजन में विशेष रूप से गौतम गोलछा, नवरतन डागा, प्रकाश सिंघी, अनूप भटेरा, महावीर कोचर, विकास धाड़ीवाल, अतुल कात्रेला, अभय गोलछा, कमल बेंगानी, सुमित जैन, अनिल बरडिया, निकुंज साचला, अमर बरलोटा, अमित मूणोत, वीरेंद्र डागा, गौरव दुगड़, विकास बरलोटा, निर्मल बेंगानी, मनीष दुगड़, महेश गोलछा उपस्थित रहे।

### नगर निगम में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोंजित



**राजनांदगांव 27 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता दिवस 2025 के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियो को शपथ दिलाने के निर्देश दिये गये थे। निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर शपथ ली गयी कि हम भारत के नागरिक,लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर निगम में आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, स.लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित अधिकारी व कर्मचारी ने शपथ ली।

### नगर निगम ने टिकरापारा मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया

**रायपुर 27 जनवरी।** आज लगातार दूसरे दिन रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम और जिला पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग द्वारा संयुक्त अभियान राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के मार्गो में जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने, शिक्षण संस्थाओं के पास नशे के सामानों का विक्रय किये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने एवं कतिपय असामाजिक गतिविधियों पर नगर हित में नियमानुकूल कड़ाई के साथ कारगर अंकुश लगाने को दृष्टिगत रखकर अभियान जारी रखा गया है।

### नगर पंचायत चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**राजनांदगांव 27 जनवरी।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर से भारतीय जनता पार्टी से नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी के रूप मे देवेन्द्र साहू का नाम तय होते ही आज नगर पंचायत चुनाव कार्यलय का शुभारम्भ किया गया। जिसमे सभी पार्षद उपस्थित थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे द्वारा रीबन काट कर कार्यलय मे सभी पार्षद प्रत्याशी व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेश किए। साथ ही नामांकन रैली मंगलवार को



निकाला जाएगा। जिसका चर्चा किया गया। व मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे द्वारा सभी पार्षद प्रत्याशीयों को आशीर्वाद उद्बोधन दिया कार्यक्रम मे देवेन्द्र साहू,पुष्पलता वैष्णव,देवेन्द्र यादव, घनश्याम वैष्णव,लक्ष्मीनारायण साहू,राजकुमार साहू, अवध साहू,रमेश यादव, खेदु साहू, जीवन साहू, छबिल साहू, राजेश देवागण, मृगलाल साहू,टिकेश्वर साहू, विनती सिन्हा, किरण धनकर, ममता रजक, रामजी साहू, यशवंत साहू, हुलार सिंह साहू सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# भाजपा ने नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 14 पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की

**छुरिया 27 जनवरी।** नगर के जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओ का इंतजार अब हुआ खत्म । चौक चौराहो पर टिकट को लेकर जो कयास लगाया जा रहा था उस पर लगा विराम।भारतीय जनता पार्टी के मंडल जिला संभाग चयन समिति की अनुशंसा एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा माननीय किरण सिंह देव की सहमति से नगर पंचायत छुरिया के अध्यक्ष पद हेतु अजय पटेल को प्रत्याशी घोषित किया गया ।जैसे ही अजय पटेल के नाम की घोषणा हुई कार्यकर्ताओं का अजय पटेल को बधाई देने ताता लग गया ।वहीं सोशल मीडिया में भी खूब बधाइयां व शुभकामनाएं संदेश चला ।अजय पटेल अपने कार्यकर्ताओं एवं घोषित पार्षद प्रत्याशियों सहित नगर भ्रमणकर लोगों से मिला और मुंह मीठा कराया गया। भाजपा के लोगों ने कहा कि नगर पंचायत के 15 साल के सुखा अब हरियाली में बदलेगी ,हम ही बनाए हैं और हम ही संवारेंगे ।

15 पार्षद पद में 14 पार्षद पद के नाम की घोषणा कर दिया गया है। वहीं वार्ड नंबर 7 में पेज फंसा हुआ है जिसका घोषणा अभी बाकी है। वार्ड क्रमांक 1 संत रविदास वार्ड से सुनील मलेकर, वार्ड क्रमांक 2 कुलदीप सिंह वार्ड से कामेश्वर यादव, वार्ड क्रमांक 3 राजीव गांधी वार्ड से छोटू देवांगन ,वार्ड क्रमांक 4 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से श्रीमती बिंदु साहू ,वार्ड क्रमांक 5 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड से रुकसाना बानो ,वार्ड क्रमांक 6 अहमद भाई वार्ड से श्री राम साहू ,वार्ड क्रमांक 8 रानी दुर्गावती वार्ड से टामेश कुंभकार ,वार्ड क्रमांक 9 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड से श्रीमती दुर्गा कुंभकार, वार्ड क्रमांक 10 इंदिरा गांधी वार्ड से स्वप्निल पटेल वार्ड क्रमांक 11 भीमराव अंबेडकर वार्ड से ओम प्रकाश साहू ,वार्ड क्रमांक 12 शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड से श्रीमती गौरी सिन्हा ,वार्ड क्रमांक 13 शहीद भगत सिंह वार्ड से सलूजा कोमरे,वार्ड क्रमांक 14 पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से दानेश्वरी मंडावी, वार्ड क्रमांक 15 जय बूढ़ादेव वार्ड से भूषण नेताम । का नाम की घोषणा पार्षद पदों के लिए हुआ है।



# भाजयुमो मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर हुई कार्रवाई




**छूरिया 27 जनवरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करने पहुंचे मरीज के इलाज पर लापरवाही बरतने पर चिकित्सा अधिकारी एवं ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारियों का एक महा वेतन में कटौती किया गया है मिली जानकारी अनुसार विगत दिनों मरिज सोहन साहू पिता जागेश्वर साहू ग्राम भोलापुर अस्पताल में देर रात्रि उपचार करने पहुंचे थे उनकी उंगली पर गंभीर चोटे आई थी अस्पताल पहुंचने पर उन्हें ड्यूटी में तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गगनदीप सिंह भाटिया एवं स्वीपर मोहनलाल डहरे ड्रेसर बुधराम खुटेल भी नदारत थे इससे उन्होंने नाराज होकर इसकी शिकायत संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ को किया था उनकी शिकायत पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव ने जिला स्त्रीय जांच समिति गठन कर इस मामले का जिम डॉक्टर एन के भुआर्य उनके साथ मुकूनद ठाकुर को सौंपा था उन्होंने इस सम्पूर्ण मामले की जांच की जहां प्रारंभिक बिंदु में इलाज में लापरवाही किया जाना पाया गया उनकी जांच रिपोर्ट पर ड्यूटी में अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारी स्वीपर एवं ड्रेसर पर कार्यवाही करते हुए एक माह की वेतन की कटौती की गई है।

## परमसत्ता शिव परमात्मा की याद में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई

# ब्रह्मा कुमारी ने नगरी में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 27 जनवरी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अनुपम अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी के द्वारा बेहतर भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना थीम को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती महमूदा खान प्राचार्य (आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी), श्रीमती तारिणी साहू व्याख्याता (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा), श्रीमती हिममणी सोम सेवानिवृत्ति शिक्षिका (डाइट नगरी), श्रीमती चांदनी साहू शिक्षिका (स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी), श्रीमती मालती नेताम कांस्टेबल सुरक्षा विभाग नगरी तथा राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी भावना बहन, ब्रह्मकुमारी परमेश्वरी बहन के साथ-साथ भारी संख्या में विभिन्न स्कूलों से आए हुए बालिकाएं तथा संस्था के माताएं एवं




बहने उपस्थित रहे। परमसत्ता शिव परमात्मा की याद में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ब्रह्माकुमारी परमेश्वरी बहन ने अतिथियों का अभिनंदन परमात्मा स्मृति की तिलक लगाकर किया।

पितांबर भाई ने बालिकाओं के सम्मान में सुन्दर गीत गाया। बालिकाओं ने बहुत सुंदर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात इस वर्ष की थीम बेहतर भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना इसको लेकर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने अपने दिव्य उद्बोधन में बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में मेडिटेशन एक बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही शिक्षा उनके व्यक्तिगत जीवन को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मार्ग है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से नए कौशल हासिल करती है जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने कि उनकी क्षमता बढ़ती है हमें सभी बालिकाओं को हर क्षेत्र में अवसर प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने योग्यताओं और क्षमताओं के आधार पर जीवन के श्रेष्ठतम आयाम को स्थापित कर सके। उन्होंने आगे कहा वर्तमान समय में हमारी आत्मिक शक्ति कमजोर हो रही है परमात्मा से जुड़ने से हमारी आत्मिक शक्ति मजबूत होती है हम शक्तियों से भरपूर हो जाते हैं जिससे किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति आसान हो जाती है हमारा विजन क्लियर होता है जिससे हम अपने लक्ष्य तक आसानी से पहुंच जाते हैं परमात्मा की छत्रछाया में हम दिन प्रतिदिन उत्तरोत्तर प्रगति करते जाते हैं आज परमपिता शिव परमात्मा ने विश्व परिवर्तन के इस महान कार्य को कन्याओं एवं माताओ के द्वारा कर रहे हैं अंत में ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने बालिकाओं के सुंदर व सुखद भविष्य की कामनाएं की।

## संपादकीय

# कुछ नया करने से होती है खूब चर्चा

अपने अपने क्षेत्र के जो सबसे ज्यादा सफल लोग होते हैं।उनकी सफलता का एक कारण यह भी होता है कि वह कुछ नया करने का साहस करते हैं।कुछ अलग करने का साहस करते हैं।इससे उनकी एक अलग छवि बनती है,लोगों को लगता है कि यह आदमी आम आदमी नहीं है, आम नेता नहीं है, आम बिजनेसमैन नहीं है, आम खिलाड़ी नहीं है।लोगों को लगता है कि यह आदमी कुछ अलग है, यह देश के लिए,समाज के लिए कुछ नया कर सकता है, जो किसी ने नहीं किया वह यह आदमी कर सकता है। जिसे सब असंभव मानते हैं, वह उसे संभव कर दिखाने का साहस करता है। जो काम लोग करने की सोच नहीं पाते हैं, वह काम वह करने की सोचता है और करके दिखा देता है। इससे उसका नाम होता है,उसको ऐसी सफलता मिलती है जो बहुत कम लोगों को सफलता मिलती है।

अमरीका के नए राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप ऐसे ही हैं।वह चर्चा में है, इसलिए चर्चा में हैं कि अमरीका के किसी राष्ट्रपति ने जो करने को सोचा नहीं, वह राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने सोचा और कहने का साहस किया और करने का साहस भी दिखा दिया है।अमरीका के राष्ट्रपति विश्व शांति की बात नहीं करते हैं। वह चाहते है कि दुनिया में कहीं न कहीं युध्द होते रहना चाहिए।दुनिया में देशों के बीच तनाव बना रहना चाहिए। कहीं न कहीं संकट की स्थिति बनी रहनी चाहिए तब ही तो अमरीका विश्व का नेतृत्व करने वाला देश बना रहेगा। सबसे बड़ा देश बना रहेगा, एक नंबर देश बना रहेगा।ट्रंप ने क्या कहा,ट्रंप ने कहा वह युध्द नहीं चाहते हैं, वह शांति चाहते हैं। वह जिन देशों के बीच युध्द हो रहा है, उसे बंद कराना चाहते हैं। अमरीका के राष्टपतियों ने विश्व पहले की बात तो ट्रंप ने अमरीका पहले की बात की। अमरीका का फिर से महान देश बनाने की बात की।अमरीका के दूसरे राष्ट्रपतियों व ट्रंप में अंतर यह है कि बाकी राष्ट्रपति बिजनेस मैन नहीं थे, वह नेता थे, ट्रंप बिजनेसमैन के साथ नेता भी हैं। उनके लिए युध्द और व्यापार में से व्यापार पहले हैं। वह अमरीका को व्यापारिक तौर पर ज्यादा मजबूत देखना चाहते हैं। वह चाहते है कि व्यापार के मामले में अमरीका विश्व का नंबर वन बना रहे, बाकी देश अमरीकी नीतियों के विरोध में जो कुछ करने की सोच रहे हैं, न करें।

उनका डब्लूएचओ से हटना, पेरिस जलवायु समझौते से बाहर होना, अप्रवासियों के खिलाफ सख्त होना, नागरिकता के मामले में सख्त होना सब ऐसी बातें है जो ट्रंप को बाइडेन ही नहीं दूसरे राष्ट्रपतियों से भी अलग करती है, एक अलग पहचान देती है। ट्रंप को एक चुनाव हारने के बाद पता चला कि जीतने के लिए उनको क्या करना चाहिए। अगर वह हारे नहीं होते तो उनकी राजनीतिक सफलता पीएम मोदी की तरह ऐतिहासिक होती। ट्रंप व मोदी में कई बातें समान हैं, ट्रंप अमरीका पहले कहते है, मोदी के लिए देश पहले है।मोदी में असंभव को संभव करने का साहस है, कुछ नया करने का साहस है, देश को सशक्त बनाने का जज्बा है तो ट्रंप भी इसी रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। मोदी बहुत कुछ देश के लिए कर चुके हैं,ट्रंप को अभी करके दिखाना है। मोदी ने विश्व राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है तो वह है शांति का पक्षधर नेता के रूप में। ट्रंप भी यही प्रयास कर रहे हैं। मोदी देश के उद्योगपतियों को देश के लिए काम करने के लिए बढ़ावा देते है।वह जानते है कि देश को विकसित देश बनाना है तो उद्योगपति ही इसमें उनकी मदद कर सकते हैं। वह धन का सृजन करने वालों का सम्मान करते हैं और चाहते है कि देश में भी उनका सम्मान किया जाना चाहिए। वह उनके साथ दिखते नहीं है लेकिन ट्रंप तो पूंजीपतियों के साथ खड़े दिखते हैं, उनकी सरकार ही पूंजीपतियों की सरकार दिखती है।देश में पीएम मोदी की छवि भी ऐसी बनाने की कोशिश हुए लेकिन विरोधी सफल नहीं हुए क्योंकि पीएम मोदी के पास पूंजी के नाम पर कुछ भी नहीं है। पीएम मोदी देश के ऐसे नेता है जिनमें संपत्ति का मोह नहीं है। कोई नेता बीस साल सीएम व पीएम रहता है तो उसके बात कई सौ करोड़ की संपत्ति होती है।उसके परिवार के लोग भी अरबपति हो जाते हैं।पीएम मोदी का परिवार पहले जितना सामान्य था,उनके पीएम बनने के दस साल बाद उतना ही सामान्य है।यह बात भी मोदी को सारे नेताओं में सबसे अलग बनाती हैं।

# गणतंत्र के 76 साल : हमने क्या खोया और क्या पाया



[illegible]

## आज का राशिफल

[illegible]

## हिंदी के अच्छे दिन (व्यंग्य)






[illegible]

# गणतंत्र का अभाव और कश्मीर में दरबदर हिन्दू आबादी



[illegible]

## एक नजर

### 18 नेताओं का भाजपा से इस्तीफा

**सुकमा 27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । सुकमा में भाजपा को बड़ा झटका 18 क़द्दावर नेताओं का पार्टी से इस्तीफ़ा पूर्व ज़िलाध्यक्ष व सुकमा के राजा मनोज देव ने भी दिया इस्तीफ़ा नगरीय निकाय चुनाव चूनाव में टिकट वितरण में पक्षपात का लगाया आरोप कांग्रेस व कम्युनिस्ट पार्टी से जूड़े लोगों को टिकट वितरण करने का आरोप भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम पत्र लिख दिया इस्तीफ़ा।

### जिला कार्यालय में कलेक्टर क्षीरसागर ने राष्ट्रध्वज फहराया

**उत्तर बस्तर कांकेर 27 जनवरी।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला कार्यालय परिसर कांकेर में सुबह 08 बजे राष्ट्रध्वज फहराया। राष्ट्रगान पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सौंपे गये दायित्वों को निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी के साथ उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व, कलेक्टर निवास में भी कलेक्टर ने राष्ट्रध्वज फहराकर अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार सहित जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया



**रायपुर 27 जनवरी।** भारतीय गणतंत्र के 76 वें गणतंत्र दिवस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर व डेंटल केयर, आमापारा में झंडोत्तोलन का आयोजन स्थानीय पार्षद श्री दीपक जी जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। आयोजन पश्चात दिवस विशेष मिष्ठान्न का आतिथ्य सत्कार लाभ उपस्थित जनों ने लिया। समारोह में विशेष रूप से गौतम गोलछा, नवरतन डागा, पारस खाटे़ड, मधुर बच्छावत, ज्योति बैद, सुमित जैन, पकंज बैद, खेमराज डागा, निकुंज साचला, रिषभ बोथरा, अभय गोलछा, सूर्य प्रकाश बैद, कमल गिड़िया, निर्मल गांधी, जितेन्द्र छाजेड़, अजय यादव, सुषमा साह, प्रिति शर्मा, अर्चना कश्यप, अमृता, वीरेंद्र डागा, कमला गिड़िया, रश्मि डागा, सारिका झाबक, अमित कात्रेला, संदीप बोथरा उपस्थित रहे।

### जिला कार्यालय में कलेक्टर नम्रता गांधी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**धमतरी 27 जनवरी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय जिम्मेदारियों को लेकर हम सब देश के लोगों के विकास के लिए काम करने वाले तंत्र का हिस्सा हैं। हमें शासकीय, अधिकारी, कर्मचारी के रूप में आमजनों को सभी काम नियमानुसार बिना विलंब किए समयावधि में पूरे करने चाहिए। कलेक्टर ने पिछले एक वर्षों में जिले में विकास कार्यों में सहयोग और समन्वय के लिए सभी के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों का इस तरह से निर्वहन करना चाहिए कि आम जनता को वास्तविक रूप में लोकतंत्र और गणतंत्र का आधार होने का एहसास हो सके। कलेक्टर ने सभी से अपील की कि जिले के गरीब, पिछड़े और आमजनों की परेशानियों को दूर करने, उनके विकास के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं को पूरी ईमानदारी से समयावधि में पूरा करें और जिले, राज्य और देश के विकास में भागीदार बने। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

### जिले में बृजमोहन अग्रवाल ने किया ध्वजारोहण



**धमतरी 27 जनवरी।** धमतरी ज़िले में गणतंत्र दिवस समारोह आज पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय तरीके से मनाया गया। ज़िला मुख्यालय में स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में सांसद, लोकसभा क्षेत्र रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि सुबह नौ बजे ध्वजारोहण किया। संदेश वाचन के बाद हर्ष फायर और एकता के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। आज के समारोह में सशस्त्र बलों एवं एनसीसी, स्काउट, गाईड की 12 प्लाटूनों द्वारा ताल से ताल मिलाकर किया गया मार्च पास्ट विशेष आकर्षण रहा। प्लाटून कमांडर श्री गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल पुरूष, सुश्री कमला सिन्हा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल महिला, मेजर श्री कलीराम ध्रुव के नेतृत्व में नगर सेना बल पुरूष, श्रीमती ज्योति जांगड़े के नेतृत्व में नगर सेना बल महिला, एमयूओ दिव्या के नेतृत्व में एनसीसी सीनियर डिवीजन बालक/बालिका, हर्ष साहू के नेतृत्व में नेवी सर्वोदय विद्यालय धमतरी, वैभव सोनी के नेतृत्व में एनसीसी जूनियर डिवीजन बालक मॉडल स्कूल, निधि सोनकर के नेतृतव में एनसीसी जूनियर डिवीजन बालिका नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, वीर सोनकर के नेतृतव में स्काउट, यामिनी साहू के नेतृत्व में गाइड, राहुल नेताम के नेतृत्व में रेडक्रॉस और दिशा धीवर के नेतृत्व में जुनियर थल सेना (वंदेमातरम स्कूल) के दलों ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया और आगंतुकों के मन-मस्तिष्क में देशभक्ति की भावना जागृत की।

# पहली बार नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंदरूनी गांवों में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 27 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस वर्ष एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। पहली बार सुकमा जिले के आंतरिक और दूरदराज़ गांवों में गणतंत्र दिवस के उत्सव का आयोजन किया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने और स्थानीय लोगों को राष्ट्रीय उत्सवों में शामिल करने के उद्देश्य से की गई है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री स्टैंज़नि शाक्या, कमांडेंट, 131 बटालियन एवं श्री पवन कुमार सिंह, कमांडेंट 203 कोबरा के दिशानिर्देश अनुसार मेटागुडेम गाँव में 131 बटालियन केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल और 203 कोबरा ने आज़ादी के बाद पहली बार ध्वजारोहण समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन गांवों में, जहां आमतौर पर राष्ट्रीय पर्वों का कोई आयोजन नहीं होता था, इस बार उत्सव का माहौल देखने को मिला 7 इसके अलावा एल्मागुंडा एवं तोंडामार्का गांवों के निवासी, विशेष रूप से युवा और महिलाएं, ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही, सुरक्षा बलों ने देश की रक्षा में अपने योगदान को स्थानीय लोगों के साथ साझा किया और उन्हें सीआरपीएफ के योगदान की अहमियत के बारे में बताया।

सरकार और सुरक्षा बलों की यह कोशिश है कि हर नागरिक, चाहे वह शहर में हो या गांव में, अपने देश की आज़ादी और संविधान की शक्ति को महसूस कर सके। यह कदम देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा लालबाग मैदान में ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

**जगदलपुर 27 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगदलपुर के लालबाग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने हल्बी में सम्बोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस समारोह में जिला पुलिस बल, केंद्रीय अर्धसैनिक बल, नगर सेना, एनसीसी आदि की 14 टुकड़ियों के द्वारा सलामी दी गई। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर हर्ष और उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। बस्तर जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई और विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित झांकियों का प्रदर्शन किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर शहीद जवानों के परिजनों को शॉल-श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति, उत्कृष्ट परेड और झाँकी के विजेताओं को पुरस्कृत किए। जिसमें झांकी में आदिवासी विकास विभाग को पहला, पुलिस विभाग को दूसरा, उद्यानिकी विभाग को तीसरा पुरूस्कार प्रदान किया गया। मार्चपास्ट के लिए शस्त्र सहित दलों में सीआरपीएफ 80 वीं बटालियन को प्रथम, जिला बल महिला को द्वितीय तथा नगर सेना को तीसरा पुरूस्कार प्रदान किया गया। शस्त्र रहित दल में एनसीसी जूनियर कन्या शाला क्रमांक-02 को प्रथम, वन विद्यालय को द्वितीय और एनसीसी सीनियर पीजी कॉलेज धरमपुरा को तीसरा स्थान हासिल हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय जगदलपुर को प्रथम, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल तितिरगांव को द्वितीय तथा विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पदमश्री श्री धर्मपाल सैनी, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री सुन्दरराज पी, सीसीएफ श्री आरसी दुग्गा, सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टर श्री हरिस एस., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीशगण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन जगदलपुर अधिकारी श्री प्रतीक जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण और अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एसपी ने दोरनापाल से जगरगुंडा सड़क मार्ग निर्माण का औचक निरीक्षण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 27 जनवरी।** जिले के दोरनापाल से जगरगुंडा सड़क मार्ग निर्माण कार्य किया जा रहा है. जहां पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा दोरनापाल-जगरगुण्डा एवं भेज्जी - चिंतागुफा सड़क निर्माण कार्य का किया गया औचक आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उच्च गुणवत्ता पूर्ण एवं मानकों के अनुरूप सड़क एवं पुल पुलिया का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने संबंधित निर्माण एजेंसियों को दिया गया आवश्यक निर्देश। पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के द्वारा जिले सड़क निर्माण कार्य प्रगति की जा रही है प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग। सुरक्षा बलों के सुरक्षा के साय में हो रहा है तेजी से सड़क निर्माण का कार्य। बहुत जल्द ही दोरनापाल से जगरगुण्डा तक पक्की सड़क की सौगात क्षेत्र के आम जनता को मिलेगी जिससे सरल सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण, उप पुलिस अधीक्षक सपन चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक रविकान्त सहारे के साथ बहु प्रतीक्षीत दोरनापाल-जगरगुण्डा एवं भेज्जी - चिंतागुफा मार्ग निर्माण कार्य का आकस्मिक औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान संबंधित निर्माण एजेंसियों को सड़क निर्माण कार्य उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं सभी मानकों के अनुरूप शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया है, ज्ञात हो कि उक्त सड़क निर्माण कार्य के जिला सुकमा पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार आवश्यक सुरक्षा बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं, बहुत जल्द ही क्षेत्र के जनता को दोरनापाल से जगरगुण्डा तक बारहमासी उपयोगी पक्की सड़क सरल एवं सुगम आवागमन के लिए सौगात मिलेगी इससे क्षेत्र के जनता को आवागमन में होने वाली वर्षों से चली आ रही परेशानियों एवं कठिनाईयों का सामना करना नहीं पड़ेगा, सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने पर नक्सल उन्मूलन अभियान में भी तेजी आयेगी एवं क्षेत्र अन्य विकास कार्यों की पहुंच बढ़ेगी जिसका लाभ क्षेत्र के जनता को मिलेगा। जिसमें से 31 किलो मीटर सड़क, 05 पुल, 77 पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 18 किलोमीटर सड़क, 09 पुल, 26 पुलिया की कार्य प्रगति पर है, जिसे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा निर्माण कार्य एजेंसियों से लगातार मॉनिटरिंग करते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस पर कुलपति ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली

**रायपुर,27 जनवरी।** देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कृषि महाविद्यालय, रायपुर में विश्वविद्यालय स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराया एवं परेड की सलामी ली। 76वें गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर प्रदेश का एक मात्र विश्वविद्यालय है जिसे शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क ;छत्थ्द्ध में कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत 39वीं रैंक प्रदान किया गया है जो विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के छात्रों को कृषि की उच्च शिक्षा में अग्रसर करने के लिए देश के लगभग 70 अग्रणी विश्वविद्यालयों एवं अनुसंधान संस्थाओं के साथ एक एम.ओ.यू. किया है। डॉ. चंदेल ने बताया कि बीटेक (फूड टेक) का पहला बैच सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुआ और 2023-24 के दौरान कॉलेज के सभी 20 छात्रों को विभिन्न प्रमुख खाद्य उद्योगों से प्री प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों को विगत वर्ष राज्य सरकार, केन्द्र सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों तथा निजी संस्थानों में रोजगार प्राप्त हुआ है। डॉ. चंदेल ने इस अवसर पर बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित तकनीक एवं प्लाटिंग मटेरियल के व्यावसायीकरण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा 07 प्राईवेट संस्थाओं से एम.ओ.यू. किया गया है। वर्ष 2023-24 तक में विभिन्न फसलों की कुल 18 प्रजातियां विकसित एवं प्रसारित की गई है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने जिला कार्यालय में किया ध्वजारोहण



**सुकमा, 26 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने जिला कार्यालय के प्रांगण में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया तथा समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से कर्तव्यनिष्ठ, सेवाभाव और अपने काम के प्रति ईमानदार रहने एवं एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना से काम करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर ने भी अधिकारियों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएँ दी। इसके साथ ही जिले की सभी शासकीय कार्यालयों, अर्द्धशासकीय कार्यालयों, स्वशासी संस्थानों के साथ ही विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया।

### पुलिस ने 8 लोगों को 44 किलो गांजा सहित किया गिरफ्तार

**सुकमा 27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी का मामला सामने आया है. लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के कारण तस्करों को इस बार कामयाबी हासिल नहीं हुई. सुकमा पुलिस ने गांजा की तस्करी करते 8 लोगों को अरेस्ट किया है.जिनमें से दो नाबालिग हैं. ये लोग बस्तर के रास्ते हैदराबाद और दिल्ली गांजा की तस्करी कर रहे थे. दिल्ली और हैदराबाद हो रही थी तस्करी ङ्क कोंटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे ने बताया कि कोंटा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि यात्री बस में सवार होकर गांजा तस्कर ओडिसा से कोंटा के रास्ते हैदराबाद और दिल्ली गांजा तस्करी कर रहे हैं. इसी सूचना पर कोंटा पुलिस की टीम ने जांच के लिए नाका में चेकिंग लगाई. टीम ने बस को रुकवाकर संदिग्धों की तलाशी ली. बस में सवार 8 लोगों के बैग से 44 किलो गांजा जब्त किया. जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है. 8 तस्करों में 2 नाबालिग भी शामिल है. जिसके बाद पुलिस ने 6 तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है. आकाश राव गिरपुंजे, एएसपी कहां के निवासी हैं तस्कर ? पुलिस ने जिन तस्करों को गिरफ्तार किया उनमें भाबेन मंडल और चिंटू माड़ी मलकानगिरी ओडिशा के निवासी हैं. वहीं कपिल उर्फ ऋतिक मल्होत्रा 21 वर्ष, गोविंद बच्चाड़ 20 वर्ष, अविनाश कुमार 19 वर्ष और सागर 18 वर्ष सेक्टर 22 दिल्ली के निवासी हैं. दो नाबालिग विधि से संघर्षरत बालक हैं. जिनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा रही है. एक दिन पहले ही 200 किलो गांजा हुआ था सीज ङ्क आपको बता दें कि एक दिन पहले ही बस्तर जिले में भी तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की थी.लक्जरी कार से 200 किलो से अधिक गांजा की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

### गणतंत्र दिवस पर जिले में शान से लहराया तिरंगा

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 जनवरी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आज सुबह उत्साहपूर्वक एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। 76वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के तौर पर बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेश कश्यप द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया तथा इसके उपरांत उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया, साथ ही जवानों द्वारा राष्ट्रगान की धुन पर हर्ष फायर और आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। इसके अलावा विभिन्न नक्सल मोर्चों में शहीद हुए जवानों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने एक साथ पीटी किया और देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकी निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आज सुबह 09 बजे से जिला स्तरीय समारोह का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेश कश्यप ने राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया तथा परेड का निरीक्षण जिप्सी पर सवार होकर किया। उनके साथ कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला भी मौजूद थे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन किया।



## 70 किलो सिक्के लेकर नामांकन पत्र लेने रोहित आर्य पहुंचे कलेक्ट्रेट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 जनवरी।** नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज़ होने लगी है। जगदलपुर के चौक-चौराहे में प्रत्याशियों को लेकर जमकर चर्चा हो ही है। नगर वासियों का संगठन पब्लिक वॉइस के सदस्य आज महापौर की उम्मीदवारी के लिए आवेदन खरीदने कलेक्टर कार्यालय पहुँचे। कुछ अनोखा करने के अपने चिरपरिचित अंदाज में सदस्यों ने लगभग सत्तर किलो सिक्के (बीस हज़ार रुपये) जैसे ही कलेक्ट्रेट टेबल पर रखें वहां उपस्थित सभी लोग चौंक गये। ज्ञात हो कि पब्लिक वॉइस संस्था की ओर से महापौर का फॉर्म रोहित सिंह आर्य ने आज खरीदा है। उन्होंने संवाददाताओं को यह भी बताया कि नगर के 41 वार्डों में एक सिक्का एक वोट मुहिम चलाया गया था। इसी अभियान के तहत इकठ्ठे किए गए पैसों से फॉर्म खरीदने जिला कार्यालय वे आज पहुंचे थे। अधिकारियों कर्मचाइयों को सिक्के गिनने में कुल 4 घंटे लगे। यहां यह भी उल्लेख करना लाजिमी होगा की ÷पब्लिक वॉइस÷ संस्था के बैनर तले रोहित सिंह आर्य विगत कई वर्षों से शहर के लगभग सभी ज्वलंत समस्याओं को लेकर संघर्ष करते आ रहे है। कोरोना काल जैसे विषम परिस्थिति मे लगभग साढ़े तीन हज़ार लोगों तक पंद्रह दिनों का राशन पहुंचाया और बाढ़ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सहयोग हेतु तत्पर रहना जैसे जनहितकारी कार्य पब्लिक वॉइस संस्था की नगर में पहचान बन चुकी है। उक्त जानकारी पब्लिक वॉइस संस्था की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।



## बटालियन मुख्यालय-226 गीदम नाला के पास ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

**सुकमा 27 जनवरी।** 25 जनवारी को बटालियन मुख्यालय-226 गीदम नाला, सुकमा पर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में चालक रमेश है जो कि छिन्दगढ से दंतेवाडा की और जा रहा था और गीदम नाला में तीव्र घुमाव के कारण ट्रक का संतुलन बिगडने से ट्रक डिवाईडर से टकरा गया जिसमें चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही 226 वाहिनी के कमाण्डेंट श्री धन सिंह विष्ट, श्री बालाकृष्णा, चिकित्सा अधिकारी व अन्य अधिकारियों एवं जवानों के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुँचे। बटा0 के चिकित्सा अधिकारी ने घायल रमेश की स्थिति का निरीक्षण किया और प्राथमिक उपचार दिया। उसकी घायल अवस्था को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु वाहिनी एम्बुलेंस के द्वारा उसको जिला अस्पताल सुकमा पहुचाया । कमाण्डेंट महोदय ने यह सुनिश्चित किया की घायल को हर सम्भव सहायता प्रदान की जाए और उसके ईलाज में कोई कमी न रहें। यह घटना सी.आर.पी.एफ की तत्परता और समाज के प्रति उसके दायित्व का उतकृष्ट उदाहरण है। 226 वाहिनी, सी.आर.पी.एफ, न केवल सुरक्षा बल के रुप में बल्कि मानवीय सर्वेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने में हमेशा तैयार एवं अटूट संकल्प रहती है।



### मिनी स्टेडियम में कांकेर सांसद भोजराज नाग ने किया ध्वजारोहण

# नगर में उत्साहपूर्वक मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 27 जनवरी।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांकेर सांसद श्री भोजराज नाग ने सुकमा जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। उन्होंने कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण एवं परेड कमांडर के साथ सुसज्जित वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके पश्चात श्री नाग ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया। इसके बाद तिरंगे के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

समारोह में श्री नाग ने नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया और उनके साथ सम्मानस्वरूप फोटोग्राफ्स खिंचाया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांसद श्री भोजराज नाग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।आज के झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान पर आदिवासी विकास विभाग, द्वितीय स्थान पर महिला एवं बाल विकास विभाग और तृतीय स्थान पर शिक्षा विभाग को पुरस्कार प्रदान किया गया। सुकमा जिले में आयोजित 76वां गणतंत्र दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम (सामूहिक नृत्य) में प्रथम स्थान आकार आवासीय विद्यालय सुकमा, द्वितीय स्थान सेजेस बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा और तृतीय स्थान मदर टेरेसा इंग्लिश स्कूल सुकमा को घोषित किया गया। परेड कमांडर डीएसपी मोनिका श्याम और सहायक परेड कमांडर 2वाईसी निरीक्षक पद्मा जगत के नेतृत्व में मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। परेड प्रदर्शन सीनियर विंग में प्रथम स्थान सीआरपीएफ, द्वितीय स्थान जिला महिला पुलिस बल तथा तृतीय स्थान छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल को प्राप्त हुआ। इसी तरह परेड जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल सुकमा, द्वितीय स्थान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा और तृतीय स्थान पर आईएमएसटी स्कूल सुकमा का रहा।गणतंत्र दिवस समारोह में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर, एडिशनल एसपी श्री अभिषेक वर्मा, राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, गणमान्य जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, श्री अरूण सिंह भदौरिया, श्री विश्वराज सिंह चौहान, श्री हुंगाराम मरकाम, श्री मनोज देव, श्री नुपुर वैदिक, श्री कोरसा सन्नू, श्री जगन्नाथ साहू, श्रीमती आयशा हुसैन, श्री डमरूराम नाग, दिलीप पेद्दी सहित प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**एक नजर**

## अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ



**रायगढ़, 27 जनवरी।** कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ लिए। सभी ने शपथ किया कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर ज्वाइंट कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा, जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह, जिला अल्प बचत अधिकारी श्री जगजीवन राम जांगड़े, कार्यालय अधीक्षक श्री सतीश कुमार सिन्हा, सहायक अधीक्षक श्री राजेश मेहरा सहित जिला कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय चुनाव:महापौर के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 39 लोगों ने लिए नामांकन पत्र







**नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए 6एवं पार्षद पद हेतु लिए गए 50 नाम निर्देशन पत्र**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकायों के लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत आज तीसरे दिन 24 जनवरी को महापौर पद के लिए 01 अभ्यर्थी वार्ड क्रमांक-34 से कांति चौहान उर्फ रानी चौहान द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इसी तरह पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न वार्डो से 39 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया।

नगर पालिका एवं विभिन्न नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। वहीं पार्षद पद के लिए 50 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद हेतु 1 तथा पार्षद पद हेतु 6 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 7, नगर पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद हेतु 22, नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 6 अभ्यर्थी, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद के लिए 9 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। नगर पंचायत लैलूंगा निरंक रहा।

## हेलमेट लगाओ-जीवन बचाओ




**बीजापुर,27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के जांगला में यातायात जागरूकता के लिए एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जुंबा डांस और रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था । कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल जांगला से हुई, जहां से थाना जांगला परिसर होते हुए कार्यक्रम स्थल तक जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए नारे लगाए गए, जैसे कि हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ और यातायात सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम में सीआरपीएफ कैंप जांगला के असिस्टेंट कमांडेट, पुलिस विभाग से पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़ नवीन एक्का, थाना प्रभारी जांगला दीपक ठाकुर और यातायात प्रभारी उनि.केशव सिंह ठाकुर शामिल हुए। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं सुरक्षा नियमों, संकेतो का पालन करने हेतु सुझाव दिये गये ।

## सुरक्षा बलों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को किया विफल

**बीजापुर,27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना



गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी बीजापुर, बीडीएस बीजापुर, 85 वी वाहिनी केरिपु टीम ने मुतवेंडी से पी?िया जाने वाले मार्ग पर अलग अलग स्थानों में डिमाईनिंग ड्यूटी के दौरान 05-05 किग्रा के 02 ढ्ढश्चष्ठ किया बरामद।डीआरजी बीजापुर, बीडीएस बीजापुर, 85 वी वाहिनी केरिपु टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग ड्यूटी पर निकली थी। ड्यूटी के दौरान मुतवेंडी से पीड़िया जाने वाले मार्ग घाटी रास्ते में अलग अलग स्थानों से माओवादियों के द्वारा लगाये गये 05-05 किग्रा के 02 ढ्ढश्चष्ठ बरामद किया गया। बीडीएस टीम द्वारा बरामद ढ्ढश्चष्ठ को मौके पर सुरक्षित नष्ट किया गया।माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से ढ्ढश्चष्ठ प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए गये थे क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को लगातार विफल किया जा रहा है। क्षेत्र के विकास, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन सामान्य तक पहुंचे, मार्गो की सुरक्षा एवं क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिये सुरक्षा बलों के द्वारा भरसक प्रयास किये जा रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर नवीन सुरक्षा कैम्पों में सुरक्षा बल,जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने मिलकर फहराया तिरंगा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,27 जनवरी।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला बीजापुर के अंदरूनी सुरक्षा कैम्पों में ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने सुरक्षा बल के जवानों के साथ मिलकर राष्ट्रीय पर्व मनाया । राष्ट्रीय पर्व में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों ने एक साथ मंच पर अमर शहीद जवानों को स्मरण करते हुऐ खूब भारत माता की जय के नारे लगाये। जिला बीजापुर में 15 अगस्त 2024 के बाद से दक्षिण बस्तर क्षेत्र में 05 एवं पश्चिम बस्तर क्षेत्र में 01 कुल 06 नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना की गई है। ये सभी कैम्प माओवादियों के कोर एरिया में स्थापित किया गया है, जहां राष्ट्रीय पर्व का विरोध होता था व ग्रामीणों से हिंसक बर्ताव किये जाते थे। जहां माओवादी लोकतंत्र का विरोध करते थे वहां के ग्रामीणों ने सुरक्षा बलो के साथ मिलकर गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व मनाया तथा ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों में उत्साह का माहौल देखा गया। उपस्थित ग्रामीणों को देश की एकता एवं अखण्डता के लिये एकजुट होकर कार्य करने की अपील की गई।

**मिष्ठान वितरण एवं सहभोज:-** सभी थाना- कैम्पों में ग्रामीणों के साथ सुरक्षा बलों ने सहभोज किया। विशेषकर नवीन स्थापित कैम्प कोण्डापल्ली, जिड़पल्ली-1, जिड़पल्ली-2, वाटेवागु, कावरगुटटा, पीड़िया में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे राष्ट्रीय पर्व का हिस्सा बने एवं बच्चों व ग्रामीणों को बून्दी एवं मिष्ठानों का वितरण किया गया।

**शहीदों की प्रतीमा में माल्यार्पण व परिजनों का सम्मान :-** जिला बीजापुर में



माओवादी हिंसा में शहीद वीर जवानों की प्रतिमाओं में माल्यार्पण किया गया एवं शहीदो के परिजनों को सम्मान स्वरूप साल एवं श्रीफल भेंट किया गया।

**राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजा फहराना :-** नवीन स्थापित सुरक्षा कैम्प में स्कूली बच्चो एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं मिलकर प्रभात फेरी निकाली गई तथा साथ मिलकर वंदे मातरम एवं जय हिंद के नारे लगाए गए। बच्चों के साथ मिलकर राष्ट्र ध्वज के सम्मान में राष्ट्रगान का गायन हुआ। उपस्थित ग्रामीणों को देश की एकता एवं अखण्डता के लिये एकजुट होकर कार्य करने की अपील की गई ।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की शपथ ली

**बीजापुर, 25 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने, लोक तांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए धर्म, जाति, वर्ग , समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में फहराया तिरंगा



**बीजापुर,27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात कलेक्टोरेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी अधिकारी -कर्मचारियो को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी श्री अभिषेक तंबोली सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बीजापुर,27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 76वें गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह में दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी ने बतौर मुख्य अतिथि मिनी स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्य अतिथि श्री चैतराम अटामी ने परेड की सलामी लेकर परेड निरीक्षण किया तत्पश्चात श्री अटामी ने माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन किया।इस दौरान हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने शहीद जवानों के परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर शाल एवं श्रीफल भेंट किया।इस अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन में स्कूली बच्चों द्वारा सुंदर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं व्यायाम की प्रस्तुति दी गई जिसमें दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बीजापुर के दिव्यांग बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।वहीं विभागीय योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रमो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें सीनियर परेड में तृतीय स्थान जिला पुलिस बल द्वितीय स्थान नगर सेना एवं प्रथम स्थान जिला पुलिस बल महिला को प्राप्त हुआ वहीं जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान स्काउट द्वितीय स्थान गाईड एवं प्रथम एनएसएस को प्राप्त हुआ। विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकी प्रदर्शन में स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पंचायत एवं ग्रामीण विकास को द्वितीय एवं वन विभाग को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी -कर्मचारियो को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी -कर्मचारी गण वरिष्ठ नागरिक गण एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

### अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई 280 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद 27 जनवरी।** बागबाहरा के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में सीमा जांच चौकी नर्रा (कोमाखान) पर राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा रात 12 बजे कार्रवाई की गई। जांच के दौरान वाहन में लगभग 280 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। जब अधिकारियों ने चालक से दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, तो वह धान से संबंधित किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। इस पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया गया और धान से लदे वाहन को कृषि उपज मंडी समिति बागबाहरा की अभिरक्षा में रखा गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कमिश्नर ने नव मतदाताओं को एपिक कार्ड देकर किया सम्मानित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 27 जनवरी।** राष्ट्रीय मतदान दिवस के अवसर पर रायपुर कमिश्नर महदेव कावरे विशेष रूप से गरियाबंद पहुंचे हुए थे इस अवसर पर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए नव मतदाताओ को एपिक कार्ड दिया गया वहीं मतदान के प्रचार एवं प्रचार के लिए किए गए भाषण ,साहित्यिक ,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया तथा मतदाता के नाम के समीक्षा करने वाले बी.एल.ओ का सम्मान किया गया तथा आम जनों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गयारायपुर कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा÷नए मतदाता देश के लोकतंत्र की नींव को और भी सशक्त बनाते हैं। आपका यह पहला कदम न केवल आपके अधिकार



का प्रयोग है, बल्कि देश के विकास में आपकी सक्रिय भागीदारी का प्रतीक भी है। मतदान करते समय ध्यान रखें कि यह न केवल आपका अधिकार है, बल्कि आपकी जिम्मेदारी भी है। एक जागरूक मतदाता बनें और सोच-समझकर अपना निर्णय लें। आपका हर वोट देश को नई दिशा देता है।÷जिलाधीश दीपक अग्रवाल,ने कहा ÷आप सभी नए मतदाता हमारे लोकतंत्र के आधार हैं। आपको यह समझना होगा कि आपका एक वोट न केवल सरकार बनाता है, बल्कि आपके भविष्य को भी आकार देता है। निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान करना आपकी जिम्मेदारी है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें, और सही जानकारी के साथ अपना निर्णय लें। मतदान में हिस्सा लेकर अपने अधिकार का सम्मान करें। पुलिस अधीक्षक अनिल रखेचा ने कहा आप सभी नए मतदाताओं को मेरा शुभकामनाएं। मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, और आपकी भागीदारी इसे और अधिक सशक्त बनाती है। आप सभी निडर होकर और पूरी स्वतंत्रता के साथ मतदान करें। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और डर विहीन हो । मतदान करते समय किसी भी प्रकार के दबाव या प्रलोभन से बचें और सही निर्णय लें। आपका हर कदम देश को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।÷इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा सभी नए मतदाताओं को इस बात का एहसास कराना महत्वपूर्ण है कि उनका मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। उन्हें जागरूक, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है। यह देश के विकास में सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है। नए मतदाता पहली बार इस जिम्मेदारी को निभाते हैं, जिससे उनके भविष्य को प्रभावित करने का अवसर मिलता है।नए मतदाता देश के भविष्य निर्माता होते हैं। उनका सही निर्णय देश की राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जा सकता है।

## सभी शासकीय संस्थाओं,भाजपा कार्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,27 जनवरी ।** जिला मुख्यालय बीजापुर मे 76वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः सभी शासकीय संस्थाओ के अलावा जिला भाजपा कार्यालय अटल सदन मे जिला अध्यक्ष घासीराम नाग ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर सभी भाजपा पदाधिकारी और.कार्यकर्ता मौजूद रहे इसी तरह कांग्रेस भवन मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने तिरंगा झंडा फहराया इस दौरान सभी कांग्रेस कार्यकर्ता वा पदाधिकारी वहां मौजूद रहे

### विधायक बंगले में विधायक विक्रम मंडावी ने झंडा फहराया



राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गंणतंत्र. दिवस के मौके पर क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने सेंट थामस विधालय मे झंडा रोहण किया. इस मौके पर सर्वप्रथम सेंट थामस विधालय के संस्था प्रभारी ने विधायक विक्रम मंडावी का स्वागत किया इसके बाद सभी शालाये बच्चों की उपस्थिति मे सेंट थामस परिसर मे विधायक विक्रम मंडावी ने. राष्ट्रीय ध्वज फहराया इस मौके पर मंडावी ने समस्त बच्चों को उजजवल भविष्य की शुभकामनाएं दी संस्था के द्वारा बच्चों को मिष्ठान भी बांटा गया

**प्रेस कल्ब में भी झंडा फहराया गया:-**नियत



समयानुसार प्रातः गंगालूर मार्ग स्थित प्रैस कल्ब भवन में भी प्रैस कल्ब अध्यक्ष के संतोष ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर राष्ट्रीय गान हुआ तथा सभी साथी पत्रकारों को मिष्ठान वितरण किया गया ।इस तरह इस वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 26 जनवरी गंणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया जिले के अन्य स्थानो मे भी गंणतंत्र दिवस पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया पर्व के दौरान पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही कहीं से भी कोई अप्रिय घटना के समाचार नहीं है।

### नक्सलियों ने ग्रामीण की घर में हत्या की

**बीजापुर,27 जनवरी** बीजापुर गंणतंत्र दिवस की रात नक्सलियों ने भैरमगढ़ क्षेत्र के केशामुंडी ग्राम के एक ग्रामीण भदरू सोढी की घर में घुसकर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है हत्या के बाद उसके शव पर पर्चा डालकर उसे गद्दार बताते हुए पुलिस को सूचना देने वाला बताया इधर पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लिया तथा जांच में जुटी है पूरा मामला भैरमगढ़ थाना क्षेत्र का है

## राज्यपाल का गरियाबंद दौरा, अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं पर की चर्चा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 27 जनवरी।** राज्यपाल रमेन डेका आज गरियाबंद जिले मुख्यालय के दौरे पर पहुंचे। वे हेलीकॉप्टर से गरियाबंद पहुंचे, जहां जिला कार्यालय परिसर में उनका स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से गरियाबंद जिलाधीश दीपक अग्रवाल पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा एवं डीएफओ लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहेवृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम राज्यपाल ने अपने दौरे की शुरुआत एक पेड़ माँ के नाम÷ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण करके की। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया। जवानों के साथ फोटो सत्र वृक्षारोपण के बाद राज्यपाल ने सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की और उनके साथ फोटो सत्र में हिस्सा लिया। उन्होंने जवानों के कार्यों की सराहना की और उनकी हौसलाअफजाई की।शासकीय योजनाओं पर समीक्षा बैठक राज्यपाल ने जिला कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने विशेष रूप से मत्स्य पालन, शिक्षा, आरटीओ, और लाइवलीहुड कॉलेज की प्रगति की जानकारी ली।प्रमुख मुद्दों पर चर्चा राज्यपाल ने इस दौरान स्वच्छता अभियान और शासकीय योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे।निष्कर्ष राज्यपाल रमेन डेका का यह दौरा न केवल जिले के प्रशासनिक कार्यों को दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम बना। उनके सुझाव और दिशा-निर्देश प्रशासन को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करेंगे।

### जेजेएस परिसर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**बीजापुर,27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** जे.जे.एस. परिसर बीजापुर मे 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, इस दौरान श्री मोहन सिंह चौहान(असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर)जन शिक्षण संस्थान बीजापुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। फिर सभी के द्वारा राष्ट्रीय गीत का गाया गया । इसके पश्चात श्री मोहन सिंह चौहान(असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर) ने अपने सम्बोधन में संस्थान के बारे में संक्षिप्त में जानकारी देते हुए कहा कि जन शिक्षण संस्थान बीजापुर कौशल विकास एंव उघमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक सम्प्रेषित संस्थान है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्था भोपाल द्वारा किया जा रहा हैं। संस्था का उद्देश्य जिले के कम पढ़े-लिखे नवसाक्षर 10 वीं, 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी रूचि अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्व-रोजगार से जोड़कर उनके आय में वृद्धि कराना है। साथ ही उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को सशक्त करना है जिससें उनका सर्वागीण विकास हो सके और समानतामूलक समाज की स्थापना हो।और इसी क्रम में, सभी कर्मचारी, रिसोर्स पर्सन व प्रशिक्षणार्थी को देश की विकास व नव निर्माण के लिए संकल्प दिलाया व युवाओ को एकजुट होकर अपने लक्ष्यों को आत्मसात कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# बढ़ते कदम के शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 27 जनवरी।** गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ को और भी खास बनाते हुए बढ़ते कदम तिल्दा, सिंधी पंचायत युवा विंग एवं बालीबाल क्लब तिल्दा नेवरा के संयुक्त तत्वाधान सजग ब्लड बैंक के सहयोग से पूज्य सिंधी पंचायत भवन तिल्दा नेवरा में स्वेक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में सजग ब्लड बैंक टीम की ओर से 30 लोगों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

बढ़ते कदम तिल्दा के अजय वाल्यानी ने कहा हर समस्या का का कुछ न कुछ विकल्प ढूंढ निकाला गया है। लेकिन ब्लड का कोई विकल्प नहीं है। खून की कमी को केवल ब्लड डोनेशन के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।रक्तदान महादान है और रक्तदाता समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं।

सजग ब्लड बैंक प्रभारी कृष्णा वर्मा ने कहा रक्तदान करने से शरीर में उर्जा आती है, नए रक्तकोष बनते हैं, जिससे शरीर में तंदरूस्ती आती है। ह्रदय रोग, कैंसर जैसे घातक बीमारियों का खतरा कम होता है।

बढ़ते कदम तिल्दा, सिंधी पंचायत युवा विंग एवं बालीबाल क्लब तिल्दा नेवरा के द्वारा रक्तदाताओं को रक्तदान करने के बाद प्रमाण पत्र एवं ब्रांडेड ब्लूटूथ उपहार स्वरूप दिया गया। रक्तदान शिविर को सफल करने के लिए प्रमुख रूप से सजग ब्लड बैंक के कृष्णा वर्मा, शुभम वर्मा, विमल वर्मा, राहुल चौहान मनीष निर्मलकर आदि लोगो ने सहयोग दिया।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत,दूसरा घायल

**रायपुर, 27 जनवरी।** फुण्डहर चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय निर्मलकर 20 वर्ष लालपुर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त मनोज धीवर के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी फुण्डहर चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे संजय की मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### ऑफिस का ताला तोड़ कर हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 27 जनवरी।** कमल विहार सेक्टर 8 स्थित ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय शर्मा 36 वर्ष गुड आइलेण्ड महादेव घाट का रहने वाला है। प्रार्थी का कमल विहार सेक्टर 8 में ऑफिस है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के ऑफिस का ताला तोड़कर डेल कंपनी का लेपटा, टीवी, सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते 4 पकड़ाए

**रायपुर, 27 जनवरी।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में अवैध शराब के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 675 पाव देशी व अंग्रेजी शराब सहित बिक्री रकम 2470 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के हत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने गणेश नगर रेलवे फाटक के पास आरोपी सोमेन कर 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब सहित बिक्री रकम 130 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम सेरीखेड़ी के पास आरोपी रानी मनहरे 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 610 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी अमित कुमार देवांगन 21 वर्ष के पास से 11 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1500 रुपए जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी लोकेश वर्मा 28 वर्ष के पास से 37 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 840 रुपए जब्त किया है।

### पंडरी इलाके में धर्मांतरण को लेकर मचा बवाल

**रायपुर, 27 जनवरी।** राज्य में धर्मांतरण को लेकर लगातार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। राजधानी में भी ऐसा ही बवाल सामने आ चुका है, राजधानी में विगत कई समय से मतान्तरण के खेल जारी है, ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके है, वहीँ अब बीते दिन रायपुर के मोवा स्थित मितान विहार कालोनी में मतांतरण के मुद्दे पर जमकर हंगामा होने की खबर सामने आई है। दरअसल, मितान विहार के एक मकान में लंबे समय से प्रार्थना और कक्षा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना हिंदू संगठन बजरंग दल को मिली थी। इस सूचना के बाद आज सुबह हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकान के बाहर पहुंचकर नारेबाजी कर बड़ा प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पंडरी थाना पुलिस, सिटी एएसपी, सीएसपी और साथ थाना प्रभारी समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और स्थिति पर नियंत्रण पाया। इस मामले में सामने आया है कि पुलिस ने मकान के भीतर मौजूद सभी व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर आरोपियों पर अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मामले में 5 पुरुषों के अलावा कई महिलाएं, युवती और एक नाबालिग भी शामिल थे। पंडरी थाना पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, धर्मान्तरण कानून के तहत कार्यवाही करने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और आगे की जांच जारी है।

## बलौदाबाजार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# सांसद रूपकुमारी चौधरी ने फहराया तिरंगा



- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का सम्मान
- उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अधिकारी कर्मचारी किए गए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 जनवरी।** 76 वां गणतंत्र दिवस बलौदाबाजार जिले में हर्षोल्लास के साथ एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। बलौदाबाजार जिला मुख्यालय के स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकार परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। सांसद चौधरी ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने जिले में उत्कृष्ट कार्य हेतु 54 अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक विभागीय झांकियों ने दर्शकों का मन मोहा। इसके साथ ही पहली बार डॉग शो का भी आयोजन किया गया जिसमें जर्मन शेफर्ड डॉग कोका के प्रदर्शन ने खूब तालियां बटोरी।

मुख्य अतिथि ने कलेक्टर व एसपी के साथ परेड निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्रीमती उषा ठाकुर ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। मुख्य अतिथि ने जिलें के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना।

मार्च पास्ट परेड में सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान जिला पुलिस बल पुरूष बलौदाबाजार एवं जुनियर ग्रुप में प्रथम स्थान स्काउट गाईड पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान वर्धमान विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम बलौदाबाजार एवं झांकी में प्रथम स्थान वन विभाग को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्काउट गाइड राज्य उपाध्यक्ष श्री विजय केशरवानी, विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चें एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जिला मुख्यालय बालोद में गरिमामय ढंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रायपुर, 27 जनवरी।** जिला मुख्यालय बालोद में आज राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्व.सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कलेटक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के साथ परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में विधायक ललित चन्द्राकर ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। परेड में शामिल सशस्त्र बल, पुलिस बल के जवानों तथा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्षफायर, राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया। कार्यक्रम में विधायक ललित चन्द्राकर ने जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड और झांकी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली गई, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रथम स्थान, महिला एवं बाल विकास विभाग को द्वितीय स्थान एवं वन विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृखंला में ब्लेज एकेडमी बालोद को प्रथम स्थान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बालोद को द्वितीय स्थान एवं कृष्णा किंडर गार्डन बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विधायक संजारी बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर एवं अशोक जोशी, एसडीएम सुरेश साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भाटापारा प्रेस क्लब में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 27 जनवरी।** 26 जनवरी/76 वी गणतंत्र दिवस का आयोजन भाटापारा प्रेस क्लब के तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसका ध्वजारोहण भाटापारा राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल के द्वारा पत्रकारों की उपस्थिति में संपन्न हुआ एवं राष्ट्रीय गान स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया तद उपरांत छात्र एवं छात्राओं को मिठाई विस्तृत की गई आयोजित कार्यक्रम में प्रेस क्लब के संरक्षक संजीव तिवारी, संतोष अग्रवाल, गुरमीत सिंग गुंबर, प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव तिवारी, राजकुमार मल, सत्यनारायण पटेल, राजेश शर्मा, विनोद शर्मा, जुगल किशोर तिवारी, मोहम्मद हारुन रजा, शत्रुघ्न साहू, फलित भारती, माखनलाल, अमृत साहू, सरिता ध्रुव एवं अन्य पत्रकार गण उपस्थित थे।

# छुरा नपं में लहराएगा भाजपा का परचमः कंचन सिन्हा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 27 जनवरी।** नगर पंचायत छुरा में भाजपा पार्टी के सभी उम्मीदवारों की सूची पार्टी हाईकमान से जारी हो गयी है। इसी कड़ी में नप छुरा के भाजपा से अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए श्री मति लुकेश्वरी थानसिंह निषाद पर दांव खेल कर विजयी होने का भरोसा जताया है। इसी कड़ी में समाजसेवी कंचन सिन्हा ने भाजपा से अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाली श्री मति लुकेश्वरी निषाद को जीत की अग्रिम बधाई दिये हैं। साथ ही नगर पंचायत छुरा के सभी 15 वार्डो में भाजपा को जिताने की अपील श्री मति कंचन सिन्हा ने की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हमेशा जनता के हित मे कार्य की है। हमे इस बार गरियाबंद जिला के भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर एवं छुरा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर के नेतृत्व में सभी नगरीय निकायों में भाजपा की जीत पक्की है। साथ ही कंचन सिन्हा ने भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी लुकेश्वरी निषाद को श्री फल भेंट कर चुनाव में विजयी होने की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## समाचार संक्षेप

# अधिवक्ता देवाशीष ने की कलेक्टर से सौजन्य भेंट

- एडवोकेट ऑन रिकार्ड परीक्षा में तिवारी ने प्राप्त की थी सफलता
- कलेक्टर ने उपलब्धि के लिए दी शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 जनवरी।** भारत के सर्वोच्च न्यायलय क़ी एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड परीक्षा में सफ्लता प्राप्त करने वाले जिले के पहले अधिवक्ता देवाशीष तिवारी ने शुक्रवार क़ो कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य मुलाक़ात क़ी। कलेक्टर सोनी ने अधिवक्ता देवाशीष तिवारी क़ो उनकी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनायें दीं और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर उनके पिता वरिष्ठ अधिवक्ता संजय तिवारी एवं माता वंदना तिवारी भी उपस्थित रही। कलेक्टर सोनी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य तभी होता है जब हम ईमानदारी से कठिन मेहनत करते है। यह उपलब्धि भी कठिन मेहनत का परिणाम है। जीवन में हमेशा परिस्थिति का सामना करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए। अधिवक्ता तिवारी ने बताया कि एडवोकेट ऑन रिकार्ड एक ऐसा परीक्षा होता है जो चार साल क़ी वकालत एवं एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा क़ो पास कर सर्वोच्च न्यायलय न्यायालय में मामले दायर करने और पैरवी करने के लिए विशेष रूप से अनुमोदित होता है। बिना इस परीक्षा क़ो पासवर्ड किये सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता क़ो मामला दायर करने क़ी अनुमति नहीं होती है। यह परीक्षा अत्यंत कठिन और प्रतिष्ठित मानी जाती है।



### मतदाता दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिलाई मतदान की शपथ




**बलौदाबाजार, 27 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने शुक्रवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को देश क़ी लोकतान्त्रिक परम्पराओं क़ी मर्यादा बनाए रखते हुए निष्पक्षता के साथ सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को अवकाश की वजह से चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ का कार्यक्रम 24 जनवरी क़ो आयोजित किया गया। सभी ने यह शपथ ली कि लोकतंत्र में हम अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर बिना किसी भेद-भाव अथवा प्रलोभन में आये अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। कलेक्टर ने इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के बारे में भी शपथ दिलाई।इसी तरह जिले के सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

### विधायक चंद्राकर ने तिरंगा फहराकर परेड की ली सलामी

**रायपुर, 27 जनवरी।** मोहला-मानपुर-अम्बागढ़-चौकी जिले में गणतंत्र दिवस पर्व जगह-जगह हर्ष और उल्लास के साथ गरिमामय ढंग से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम मोहला के मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि विधायक श्री अजय चंद्राकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। शांति के प्रतीक सफेद कबूतर और रंगीन गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने शहीद जवानों के परिवारों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में आईटीबीपी, जिला पुलिस बल, एनसीसी और स्काउट गाइड की टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक प्रस्तुति में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मोहला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लाल श्याम शाह अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोहला और पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला को क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। सांत्वना पुरस्कार सीबीएस विद्यालय मोहला, डीएनटी पब्लिक स्कूल मोहला और प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास मोहला को प्रदान किए गए।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग जगदलपुर द्वारा सामान्य आवास आधार पर हॉटकचोरा जगदलपुर में निर्माणाधीन भवनों में एम. आई. जी. 27 जो कि श्री नील रतन विश्वास को संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग जगदलपुर के पत्र क्र. 528 दिनांक 24/02/2012 द्वारा आबंटित है।

मुल आबंटि श्री नील रतन विश्वास का स्वर्गवास दिनांक 05/04/2021 को हो गया है। उनके मृत्यु उपरान्त उनके पुत्र श्री टिकेश कुमार द्वारा सहमति पत्र नोटरी से सत्यापित कराकर भवन के स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः श्री टिकेश कुमार के नाम पर परिवर्तन करने हेतु आवेदन पत्र दिया गया है। आवेदन पत्र के आधार पर उनके नाम से नामांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अघनपुर जगदलपुर में स्थित सामान्य आवास योजनान्तर्गत भवन क्र. एम.आई.जी आई फ्लैट-18 भुतल जो कि श्री अश्वनी कुमार पाण्डे पिता - स्व. सुनील कुमार पाण्डे को मण्डल द्वारा आबंटित है। श्री अश्वनी कुमार पाण्डे पिता- श्री स्व. सुनील कुमार पाण्डे के द्वारा श्री भोला मंडल पिता- श्री बंसत कुमार मंडल को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अघनपुर जगदलपुर में स्थित सामान्य आवास योजनान्तर्गत भवन क्र. एम.आई.जी आई फ्लैट-18 भुतल जो कि श्री अश्वनी कुमार पाण्डे पिता- स्व. सुनील कुमार पाण्डे को मण्डल द्वारा आबंटित है। श्री अश्वनी कुमार पाण्डे पिता- श्री स्व. सुनील कुमार पाण्डे के द्वारा श्री भोला मंडल पिता- श्री बंसत कुमार मंडल को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर



**कार्यालय राजस्व मंडल खैरझिटी तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमित अग्रवाल पिता जगदीश अग्रवाल जाति बनिया ग्राम पदुमतरा के द्वारा सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार आपको सूचित किया जा रहा है कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव आदेश क्रमांक Q प्र.त./दिनांक 15/03/24 के अनुसार ग्राम पदुमतरा प.ह.नं 21 में स्थित भूमि खसरा नं. 222, 225, 229/2, 241, 244, 246, 252, 257, 259/1, 259/2, 260/1, 260/2, 268, 270/1, 271, 272, 273, 274, 276, 277, 324/3, 762/1, 762/3, 283, 286, 296, 301/3, 301/4, 302/1, 303/2, 304/1, 304/2, 305, 306/1, 306/3, 306/4, 306/5, 307, 313, 314/1, 2, 3, 316, 317, 324/1, 2, 800/2, रकबा क्रमशः 0.438, 0.539, 0.089, 0.318, 0.222, 0.105, 0.101, 0.332, 0.052, 0.062, 0.405, 0.227, 0.206, 0.207, 0.021, 0.364, 0.021, 0.214, 0.445, 0.081, 0.364, 0.607, 0.021, 0.809, 0.421, 0.417, 0.205, 0.283, 0.907, 0.998, 0.247, 0.251, 0.421, 0.474, 0.161, 0.486, 0.345, 1.007, 0.304, 0.166, 0.247, 0.017, 0.664, 3.881, 0.129, 0.121, 0.512 हे. का दिनांक 29, 30/01/2025 समय 10.00 बजे को सीमांकन की कार्यवाही किया जाना है!

अतः आवेदक एवं हितबद्ध पक्षकार अपने अपने भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवें।

यह ईश्तहार मेरी पदमुद्रा से दिनांक 21/01/2025 को जारी किया गया है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. खैरझिटी
जिला राजनांदगांव

**कार्यालय राजस्व मंडल खैरझिटी तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगदीश अग्रवाल पिता आर.आर.अग्रवाल जाति बनिया ग्राम पदुमतरा के द्वारा सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार आपको सूचित किया जा रहा है कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव के आदेश क्रमांक Q प्र.त./ दिनांक 15/03/24 के अनुसार ग्राम पदुमतरा प.ह.नं 21 में स्थित भूमि खसरा नं. 280/3, 265, 266, 279/2, 264, 800/1, 278, 279/1, 263, 295/1, 295/3, रकबा क्रमशः 0.415, 0.202, 0.021, 0.307, 0.247, 0.508, 0.462, 0.308, 0.190, 0.899, 0.002 हे0 का दिनांक 29, 30/01/2025 समय 2.00 बजे को सीमांकन की कार्यवाही किया जाना है!

अतः आवेदक एवं हितबद्ध पक्षकार अपने अपने भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवें।

यह ईश्तहार मेरी पदमुद्रा से दिनांक 21/01/2025 को जारी किया गया है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. खैरझिटी
जिला राजनांदगांव

**कार्यालय राजस्व मंडल खैरझिटी तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगदीश अग्रवाल पिता आर.आर.अग्रवाल जाति बनिया ग्राम पदुमतरा के द्वारा सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार आपको सूचित किया जा रहा है कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव के आदेश क्रमांक Q प्र.त. दिनांक 15/04/24 के अनुसार ग्राम पदुमतरा प.ह.नं 21 में स्थित भूमि खसरा नं. 813, 828/6, 828/8, 814/1, 814/2, 814/3, 815, 816, 817, 819, 821, 822, 824/1, 826, 828/7, 828/5, 828/3, 828/9, 828/11, 828/13, 833, 835, 837, 840, 842/2, 842/3, 828/4, 828/4 828/10, 828/12, 832/2, 823/4, 818, 828/1, रकबा क्रमशः 0.595, 0.154, 0.291, 0.273, 0.137, 0.133, 0.235, 0.101, 0.101, 0.101, 0.182, 0.263, 0.004, 0.259, 0.252, 0.315, 0.154, 0.291, 0.031, 0.283, 0.178, 0.607, 0.162, 0.607, 0.235, 0.101, 0.462, 0.526, 0.631, 0.017, 0.125, 0.101, 0.466 हे. का दिनांक 29, 30/01/2025 समय 11.00 बजे को सीमांकन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः आवेदक एवं हितबद्ध पक्षकार अपने अपने भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवें।

यह ईश्तहार मेरी पदमुद्रा से दिनांक 21/01/2025 को जारी किया गया है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. खैरझिटी
जिला राजनांदगांव

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202501092100027
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मुकेश वर्मा वल्द गंगाराम वर्मा जाति लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि विक्रेता समीर शेण्डे वल्द नीलकंठ शेण्डे जाति महार उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राज. के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि नजूल शहर नरसिंग वार्ड नं. 10 डोगरगढ़ में स्थित भूखण्ड क्रमाक 2216/41 क्षेत्रल 412'6 वर्गफुट, शीट क्रमांक 7 लगान 0.75 पैसा है, जिसे विक्रेता के द्वारा विधिवत मुझ क्रेता मुकेश वर्मा वल्द गंगाराम वर्मा जाति लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय डोगरगढ़ में विक्रय पत्र के माध्यम से पंजीयन कराया गया है जिसका पुस्तक क्रमांक 1 ग्रंथ क्रमांक 3100 में पृष्ट 205 से 222 तक विलेख क्रमांक सी.जी.-2024-25-127-1-1192 पंजीयन दिनांक 26/09/2024 को पंजीबद्ध है। क्रय की भूमि पंजीयन का नामातंरण कर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 07/02/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26